राष्ट्रीय हिंदी मासिक

सत्यवान समाचार

मूल्य : 5/-
अक्टूबर, 2023
वर्ष- 1, अंक - 4

आज भी पूरा सिस्टम बड़े स्टार्स के इर्द-गिर्द घूमता है...तापसी पन्नू ..... पेज 7

Website : https://www.Satyavansamachar.com/ satyavansamachar@gmail.com

सर्दी में कैसे रखें स्वस्थ का ख्याल..... पेज 6

आजमगढ़ से प्रकाशित

बीएचयू कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन

बीएचयू परिसर में अब इंट्रीग्रेटेड कमांड सेंटर बनेगा, इससे परिसर के हर हिस्से की निगरानी की जाएगी। इस सेंटर से आइआइटी बीएचयू कैंपस को भी जोड़ा जाएगा। आइआइटी छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना के बाद बीएचयू के प्राक्टोरियल बोर्ड सदस्यों की बैठक बुलाई गई। सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय परिसर में भी आए दिन मारपीट, छेड़खानी व धरना प्रदर्शन की घटनाएं होती रहती हैं। इस तरह की गतिविधियों को देखते हुए ही सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन शुरू हुआ। सीसीटीवी कैमरा लगवाने और पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्णय लिया गया। परिसर में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती वाली जगह पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। विशेषकर छात्राओं के हास्टल और संवेदनशील जगहों पर रात के समय में पेट्रोलिंग में ज्यादा सतर्कता बरती जाएगी। सिगरा के कमांड सेंटर की तर्ज पर परिसर में सेंटर स्थापित करने के उद्देश्य से नए सिरे से योजना बनाई जाएगी।

कांग्रेस ने महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा, PM मोदी

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज दुर्ग का दौरा है। इस दौरान वह दुर्ग में जनसभा को भी करने पहुंचे हैं। मालूम हो कि भाजपा नेताओं ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का सम्मानपूर्वक स्वागत किया और फिर वह रायपुर से दुर्ग के लिए रवाना हो गए हैं। यहां पर वह पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं।

इस जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा,कांग्रेस की प्राथमिकता है अपने नेताओं के चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना। आप यहां सरकारी दफ्तरों में जाते हैं, तो एक ही बात बोलते हैं - 30 टका कक्का, आपका काम पक्का। कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है। इस सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है, इसलिए छत्तीसगढ़ कह रहा है - अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो।"

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में पीएम मोदी पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं।
पीएम मोदी का दो दिनों में यह छत्तीसगढ़ का दूसरा दौरा है। मालूम हो कि 7 नवंबर को पहले चरण का चुनाव आयोजित किया जाएगा।

'जो कहते हैं, वह करते हैं'

दुर्ग में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड है कि हम जो कहते हैं वो करते हैं। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने बनाया था और मैं आपको गारंटी देता हूं कि बीजेपी छत्तीसगढ़ बनाएगी, लेकिन कांग्रेस पार्टी का 'झूठ का पुलिंदा' है बीजेपी के 'संकल्प पत्र' के सामने खड़ी हूं। कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता भ्रष्टाचार के जरिए अपना खजाना भरना है।

महादेव ऐप मामले में सरकार को घेरा

पीएम मोदी ने महादेव ऑनलाइन बैटिंग ऐप का जिक्र करते हुए राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है। 2 दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है, रुपयों का बहुत बड़ा ढ़ेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि ये पैसा सट्टेबाजों का है, जुए का खेल खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों और नौजवानों को लूट कर जमा किया है।

आतंक पर सुरक्षा एजेंसियों का एक्शन लगातार जारी

दिल्ली। केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए द्वारा दिल्ली- राजधानी क्षेत्र, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित कई लोकेशन में सर्च ऑपरेशन की जा रही है. जानकारी के मुताबिक पुरानी दिल्ली के थाना हौज काजी इलाके के बल्लीमारान में केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए का सर्च ऑपरेशन चल रहा है। वही पुलवामा में स्थानीय प्रशासन ने जिले के चेवा कलां गांव में एक दारुल उलूम को ध्वस्त कर दिया. यहां मार्च 2022 में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे. राष्ट्रीय जांच एजेंसी की सिफारिश पर मंगलवार (10 अक्टूबर 2023) की रात दारुल उलूम की इमारत को ध्वस्त कर दिया गया. अधिकारियों के मुताबिक पुलिस और सेना ने 2022 में 11/12 मार्च की मध्यरात्रि के दौरान चेवा कलां पुलवामा स्थित दारुल उलूम में एक ऑपरेशन चलाया था, जिसमें एक स्थानीय आतंकवादी आकिब मुश्ताक निवासी करीमाबाद और एक विदेशी आतंकी मारा गया था. इस मामले की जांच बाद में एनआईए ने

अपने हाथ में ले ली थी। इसी कड़ी मेंउत्तर प्रदेश के भदोही नगर में एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस को लेकर सुबह करीब 5:00 बजे संदिग्ध के घर पहुंच गई। संदिग्ध के घर की विधिवत तलाशी करने के बाद संदिग्ध मौलाना के ट्रैवल एजेंसी पर भी छापेमारी की गई। जहां पर टीम को कुछ संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।भदोही नगर के मामदेवपुर बधवा इलाके में एनआईए की टीम ने छापेमारी की और संदिग्ध से पूछताछ किया। इस दौरान एनआईए की टीम ने छापेमारी में मिले सिम व दो मैगजीन और मोबाइल फोन ले गई हैं। छापेमारी की खबर से भदोही नगर में हड़कंप की स्थिति मची रही।बता दें की एनआईए की टीम ने भदोही के मामदेवपुर स्थिति मौलाना सोयब के यहां सुबह - सुबह छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने संदिग्ध मौलाना से पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान पूछा कि गाइडेंस पब्लिकेशन संस्था से जुड़े हैं, तो मौलाना ने कहा कि किसी गाइडेंस संस्था से नहीं जुड़ा हूं और ना तो मैं उसे जानता हूं।ट्रैवल एजेंसी पर भी हुई छापेमारी मौलाना ने बताया कि टीम द्वारा मेरे घर के प्रत्येक कमरे को सघन चेकिंग किया गया। जहां से कुछ आपत्तिजनक चीज नहीं मिली। हमारे घर से सिर्फ एक मोबाइल सिम कार्ड दो मैगजीन पत्रिका व एक ट्रस्ट का रसीद ले गए हैं। मौलाना ने बताया कि मेरे घर वह मेरे ट्रैवल एजेंसी अजमुल्ला चौराहे पर छापेमारी की गई, किंतु कुछ संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। एनआईए की टीम छापेमारी कर जब बाहर निकली तो मीडिया द्वारा मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ न बताकर वहां से चली गई ।

गौवांशो को वाहन से राज्य के अंदर ले जाना प्रतिबंधित नहीं

हाई कोर्ट ने हरदोई के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द किया

प्रयागराज, हरदोई के एक मामले में सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज ने कहा है कि गायों और बछड़ों को राज्य के अंदर ले जाना अपराध नहीं है। इसके लिए इस्तेमाल किया जाने वाला वाहन सीज या जब्त नहीं किया जा सकता। आदेश हरदोई के एक मामले में सुनवाई करते हुए दिया। इस मामले में हरदोई के जिला मजिस्ट्रेट ने 2022 के एक एफआईआर पर आदेश दिए थे कि गोवंश को ले जा रहे वाहन को सीज किया जाए। अदालत ने अपने आदेश के साथ ही हरदोई के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया।दरअसल, नवंबर 2022 में यूपी - गोवध अधिनियम की धारा 3, 5 और 8 के तहत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी कि वे गोवंश अपने वाहन में ले जा रहे हैं। शिकायत के बाद वाहन जब्त कर लिया गया था और उसके बाद, याचिकाकर्ता के खिलाफ गोवध अधिनियम की धारा 5-ए (7) के तहत कार्यवाही शुरू की गई थी। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब

मांगा गया था। आरोपी ने इस आरोप से इनकार करते हुए अपना जवाब प्रस्तुत किया था कि वाहन का इस्तेमाल गायों या गोवंश को ले जाने के लिए नहीं किया गया था और वाहन से कोई गोमांस बरामद नहीं हुआ था।इस साल मार्च में, जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 5-ए (7) के तहत वाहन को जब्त करने का आदेश पारित किया, जिसमें दावा किया गया कि वाहन गायों के अंतर-राज्य परिवहन में शामिल था। इसके खिलाफ आरोपी ने हाई कोर्ट का रुख किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि यूपी गोहत्या निवारण अधिनियम, 1955 के तहत राज्य के अंदर गायों को ले जाना अपराध नहीं और इसके लिए इस्तेमाल वाहन सीज नहीं होगा गौरतलब हो कि गोहत्या अधिनियम की धारा 5-ए के तहत गाय को यूपी में ही एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए परमिट लेना होता है। ये परमिट यूपी के अंदर या बाहद गोवंश को ले जाने के लिए किसी अधिकारी से लिया जा सकता है।

गोवंश नदी ट्रक को देखकर भड़के लोग

राजस्थान। प्रतापगढ़ के सूरजपोल चौराहे पर मंगलवार को बड़ी संख्या में गोवंश को आठ वाहनों में भरकर कत्ल खाने ले जाने की सूचना मिलने पर सामाजिक संगठनों ने हंगामा कर दिया. इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने इकठ्ठा होकर वाहनों पर हमला बोल दिया और पत्थर मारकर उनके शीशे तोड़ दिए. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और उसकी सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच धक्का मुक्की हो गई. पुलिस के अनुसार प्रतापगढ़ में सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को कुछ वाहनों में गोवंश को ले जाने की सूचना मिली थी.सूरजपोल चौराहे पर लगभग 8 वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली गई तो उनमें गोवंश भरा हुआ था।

सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के 35वें मैच में न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान से हो रहा है। इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत शानदार रही। न्यूजीलैंड की टीम की तरफ से ओपनर रचिन रविंद्र ने इस वर्ल्ड कप का तीसरा शतक जड़ा। बेंगलुरु में भी उनका बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने एक मामले में सचिन तेंदुलकर को पछाड़ दिया।

गुल हुई बिजली फस गया वेंडर

वाराणसी। यूपी के बनारस शहर के कैंट स्टेशन पर बिजली गुल होने से फल वेंडर लगभग एक घंटे तक लिफ्ट में फंसा रहा। प्लेटफार्म नौ के लिफ्ट में यह वाकया हुआ। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों में खलबली मच गई। किसी तरह मशक्कत कर वेंडर को लिफ्ट से बाहर निकाल गया। कैंट स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग का काम चल रहा है। इसके चलते जगह-जगह बिजली केबिल पंक्चर हो गए हैं। इससे दिन में बिजली की आवाजाही लगी रहती है। शाम साढ़े पांच बजे प्लेटफार्म नंबर नौ के लिफ्ट में एक फल वेंडर फंस गया। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने घटना का संज्ञान लिया। उन्होंने लिफ्ट के बैकअप की व्यवस्था को संचालित करने वाले संबंधित विभाग से संपर्क करने के लिए कहा।

किंग खान को जान का खतरा बढ़ाई गई सुरक्षा

मुंबई। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. शाहरुख की सेफ्टी को देखते हुए उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. किंग खान को अब वाई प्लस सुरक्षा दी जाएगी. दरअसल, शाहरुख खान ने कई विरोधों के बाद भी 2023 में बॉक्स ऑफिस पर अपनी फिल्मों से गर्दा उड़ा दिया. एक्टर ने 'जवान' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की सौगात दी. बड़ी बॉक्स ऑफिस पारी के बाद शाहरुख को थ्रेट कॉल आ रहे थे, जिसे देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने शाहरुख खान की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला लिया है.जिसकी जानकारी होने पर लिखित रूप से मिले शिकायत के जांच के बाद महाराष्ट्र सरकार ने किंग खान की सुरक्षा बढ़ा दी , दरअसल, शाहरुख ने राज्य सरकार को एक लिखित शिकायत दी थी कि उनकी फिल्म पठान और जवान की सफलता के बाद से ही उन्हें लाइफ थ्रेट के काल आ रहे हैं. ऐसे में राज्य सरकार शाहरुख की सेफ्टी के साथ

कोई लापरवाही नहीं करना चाहती. राज्य सरकार ने किंग खान की सुरक्षा के लिए आईजी ने वी आई पी सिक्योरिटी का आदेश दिया, उन्होंने कहा कि शाहरुख की सुरक्षा व्यवस्था को अपग्रेड किया जाए, साथी शाहरुख खान के निवास स्थान मन्नत पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई।

नेपाल में भूकंप से भीषण तबाही

नेपाल में शुक्रवार रात आए भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। यह भूकंप आठ साल में आया सबसे भीषण भूकंप है, जिसमें अब तक 140 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। भूकंप के बाद राहत और बचाव कर्मियों ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, यह भूकंप शुक्रवार रात 11 बजकर 47 मिनट पर आया है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 मापी गई। वहीं, जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइसेंज ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.7 थी, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षम के अनुसार भूकंप की तीव्रता 5..6 थी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप की तीव्रता गंभीर नहीं थी, लेकिन क्षेत्र में निर्माण की खराब गुणवत्ता के कारण नुकसान और मरने वालों की संख्या अधिक होने की संभावना है। भूकंप आने के समय लोग सो रहे थे। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य धीमा होने की आशंका है, क्योंकि आपातकालीन टीमों को कई स्थानों पर भूस्खलन से अवरुद्ध हुई सड़कों को साफ करना होगा।

ताला बंद, गेट फांदकर अंदर गए अखिलेश यादव, पहनाया जेपी नारायण की प्रतिमा को माला

लखनऊ। जय प्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर बुधवार (11 अक्टूबर) को लखनऊ में जे पी एन आईसी पर जोरदार हंगामा हुआ. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करने के लिए जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर पहुंचे, लेकिन इसके पहले ही एलडीए ने जेपीएनआईसी के मेन गेट पर ताला जड़ दिया. ताला बंद होने कारण अखिलेश यादव जेपीएनआईसी का गेट फांदकर अंदर गए. इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी को दी गई थी जिसके लिए उन्होंने एलडीए को पत्र लिखकर परमिशन भी मांगी थी, लेकिन एलडीए ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए गेट पर ताला लगवा दिया. इस मामले को लेकर अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट में लिखा था कि महान समाजवादी विचारक, सामाजिक न्याय के प्रबल प्रवक्ता लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर अब क्या सपा को माल्यार्पण करने से रोकने के लिए ये टिन की चद्दरें लगाकर जेपीएनआईसी का रास्ता रोका जा रहा है. यूपी के पूर्व सीएम ने आगे कहा कि सच ये है कि बीजेपी लोकनायक जयप्रकाश जी के भ्रष्टाचार, बेकारी-बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ छेड़े गये आंदोलन की स्मृति को दोहराने से डर रही है क्योंकि बीजेपी के राज में तो भ्रष्टाचार, बेकारी-बेरोजगारी और महंगाई तब से कई गुना ज्यादा है. अब क्या माल्यार्पण के लिए भी जयप्रकाश नारायण जी की तरह 'सम्पूर्ण क्रान्ति' का आह्वान करना पड़ेगा. अगर बीजेपी को यही मंजूर है तो यही सही...जेपीएनआईसी को लेकर सरकार और सपा में लंबी तकरार चली आ रही हैजेपीएनआईसी को लेकर समाजवादी पार्टी और मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार में 2017 से ही विवाद चल रहा है. जेपीएनआईसी अखिलेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद इस प्रोजेक्ट को रोक दिया गया था. इस प्रोजेक्ट पर सरकार ने कई आरोप भी लगाए गए हैं. पिछले दिनों अखिलेश यादव ने कुछ चैनलों को इंटरव्यू भी जेपीएनआईसी का खस्ता हाल दिखाते हुए दिया था जिसके बाद मौजूदा एलडीए के कर्मियों पर कार्रवाई भी हुई थी, सपा प्रवक्ता अमीक जमई के मुताबिक परमिशन न देते हुए एलडीए ने कहा कि सुरक्षा कारणों से अंदर नहीं जाने दिया गया है. कारणों में एक कारण अंदर साफ सफाई भी न होने की बात कही गई है. अमीक जमाई ने सवाल उठाते हुए कहा कि बीजेपी लगातार स्वच्छता अभियान की बात कहती है पर वह जयप्रकाश जी के स्मृति में बने स्थान पर साफ सफाई में पीछे रह रही है तो किस बात का स्वच्छता अभियान है? फिलहाल अखिलेश ने जेपी की प्रतिमा पर माला पहनकर समाजवादियों के संघर्ष को फिर एक बार जीवंत कर दिया वहीं सरकार के बहाने और व्यवस्था धरी की धरी रह गई।

दिवाली से पहले रोडवेज संविदाकर्मियों को तोहफा

अलीगढ़: दिवाली से पहले परिवहन निगम ने अपने संविदा कर्मचारियों के तोहफा दिया है। संविदा कर्मियों को परिवार सहित रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा करने की वर्षों पुरानी मांग पर मुख्यालय स्तर से मुहर लग गई है। इसके तहत कर्मचारियों को एक वर्ष में पांच बार यात्रा करने का मौका दिया जाएगा। इससे अलीगढ़ परिक्षेत्र के करीब दो हजार से अधिक संविदा कर्मचारी लाभांवित होंगे। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि दिवाली से पहले परिवहन निगम ने अपने संविदा कर्मचारियों को रोडवेज बसों में परिवार के साथ निशुल्क यात्रा कराने का फैसला लिया है। इस संबंध में मुख्यालय स्तर से आदेश जारी किया गया है। इसके तहत एक वर्ष के अंदर दो बार निशुल्क पारिवारिक यात्रा पास व तीन बार पीटीओ पारिवारिक यात्रा पास के जरिए रोडवेज बसों में यात्रा कर सकेंगे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इससे दूर रखा गया है। संविदा पर तैनात चालक-परिचालक और वर्कशॉप से जुड़े कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। अलीगढ़ परिक्षेत्र के करीब दो हजार से ज्यादा कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

सामूहिक दुष्कर्म में ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्र दोषी करार

भदोही सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमें में एमपीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व विधायक विजय मिश्र पर दोषसिद्ध कर दिया। सजा के मामले में शनिवार को फैसला सुनाया जाएगा। उसी मुकदमें में पूर्व विधायक के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती ज्योति उर्फ विकास मिश्रा साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त हो गए। फैसले को लेकर न्यायालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। डाग स्क्वायड, क्राइम ब्रांच संग थाने की पुलिस तैनात रही। रिश्तेदार की संपति हड़पने के मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्र समेत कुनबे के छह सदस्यों पर जुलाई 2020 में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद मध्य प्रदेश के आगर से उन्हें गिरफ्तार किया। पूर्व विधायक की गिरफ्तारी के बाद वाराणसी की एक गायिका ने पूर्व विधायक, बेटे विष्णु मिश्रा, नाती विकास मिश्रा के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें करीब तीन साल से कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। एक सप्ताह पूर्व सुनवाई पूर्ण होने पर तीन नवंबर को सजा के फैसले की

सुनवाई की तिथि तय की गई थी। शुक्रवार को सजा को लेकर कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती संग सीओ, ज्ञानपुर थाने की पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट मोड में रही। दोपहर बाद एमपीएमएलए सुबोध सिंह की अदालत ने पूर्व विधायक पर दोषसिद्ध पाया जबकि बेटे विष्णु मिश्रा, नाती विकास मिश्र को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। पूर्व विधायक के अधिवक्ता आनंद शुक्ला ने बताया कि पूर्व विधायक के खिलाफ सजा पर शनिवार को सुनवाई होगी।

ठेकेदार के उत्पीड़न से परेशान युवती चौथी मंजिल से कूदी, मौत

साहिबाबाद। औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार शाम कपड़े की एक फैक्टरी में उत्पीड़न से परेशान युवती ने चौथी मंजिल से कूद कर जान दे दी। दोपहर तक कंपनी में काम करने के बाद वह चौथी मंजिल पर पहुंची थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच की। लिंक रोड पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि बरेली की रहने वाली युवती थाना क्षेत्र में पिता और दो बहनों के साथ दो साल से किराये के कमरे में रहती थी। तीनों बहनें कपड़े की फैक्टरी में काम करती थीं। पुलिस ने बताया कि कंपनी का ठेकेदार युवती का उत्पीड़न कर रहा था। इससे परेशान होकर उसने चौथी मंजिल से कूद गई। सड़क पर गिरते ही आवाज सुनकर सुरक्षा गार्ड और पास की फैक्टरी के लोग उसे बचाने दौड़े लेकिन लहूलुहान हालत में युवती ने मौके पर दम तोड़ दिया। कंपनी मालिक और अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की जांच में ठेकेदार का नाम सामने आया था। वहीं, युवती के कूदने की सूचना पर ठेकेदार दूसरी जगह भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा का कहना है कि युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले की होगी रावण-कंस जैसी दुर्गति

बलिया: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा डबल इंजन की सरकार की पहली प्राथमिकता है। अगर बेटियों की सुरक्षा में किसी ने सेंध लगाने की कोशिश की तो उसकी दुर्गति रावण और कंस जैसी होगी। सीएम योगी ने कहा कि बेटी के प्रति अपने जवाबदेही का निर्वहन करते हुए किस रूप में सरकार कार्य कर रही है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना इसका बड़ा उदाहरण है। इस योजना के तहत अगले सत्र से हमारी सरकार 25 हजार रुपये देने जा रही है। यह पैसा छह चरणों में बेटियों के अभिभावकों को दिया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हमारी सरकार 51 हजार रुपये दे रही है।

सीएम योगी ने शुक्रवार को बांसडीह में विधानसभा क्षेत्र में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दीपावली में गैस का एक सिलेंडर फ्री देगी। इससे प्रदेश की माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति मिलेगी और उनकी आंखों की रोशनी बनी रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि 2026 में परिसीमन के बाद लोकसभा और विधानसभा चुनावों में देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक तिहाई हो जाएगी। इसके लिए हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं। सीएम योगी ने कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हमारी सरकार का लक्ष्य है। प्रदेश के पुलिस बल में 20 फीसदी महिला कार्मिकों की भर्ती को सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में भी हम ज्यादातर महिला शिक्षकों को भर्ती करने की कार्रवाई को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में आई महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा और सम्मान पर किसी भी प्रकार की आंच आए बगैर उन्हें आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने के लिए डबल इंजन सरकार लगातार कार्य करती रहेगी।

सीएम योगी ने कहा कि आज हम सब एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जिसमें सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान है। उन्होंने कहा कि आज हर गरीब को आवास, शौचालय, उज्ज्वला के तहत गैस कनेक्शन और पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विकास में अब किसी तरह की बाधा नहीं है। विकास की तमाम परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जल मार्ग का सबसे अच्छा माध्यम उत्तर प्रदेश में बलिया जिला बनने जा रहा है क्योंकि यहां से एक तरफ से गंगा और दूसरी तरफ से सरयू जी से यह जनपद घिरा हुआ है। स्वाभाविक रूप से इसका लाभ आप सभी को अवश्य प्राप्त होगा।

सीएम योगी ने 129 करोड़ रुपये की 35 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। साथ ही विभिन्न विकास परियोजनाओं के महिला लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद वीरेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुशवाहा, नीरज शेखर, शकलदीप राजभर, विधायक केतकी सिंह, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी समेत भारी संख्या में माताएं और बहनें उपस्थित रहीं।

'1942 में आजादी का एहसास भी देश को बलिया की माटी ने कराया'- सीएम योगी

बलिया: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बलिया में पहुंचे। सीएम ने बासडीह के पिंडहरा में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के दौरान जनपद वासियों को 128.67 करोड रुपए लागत की परियोजनाओं का उपहार दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि बलिया की धरती क्रांति है, चुनौती से अपना रास्ता बनाती है। गुलामी के दौर में आजादी की चिंगारी को सुलगाने का कार्य मंगल पांडे ने किया और देखते देखते पूरे देश में क्रांति की लहर दौड़ गई। इतना ही नहीं सन् 1942 में आजादी का एहसास भी देश को बलिया की माटी ने कराया था। इतना ही नहीं जब लोकतंत्र खतरे में था तब जयप्रकाश नारायण ने नागरिकों के मौलिक अधिकार की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया। जिसमें जिले के सपूत और देश के पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर ने उनका साथ दिया था। शुक्रवार को मुख्यमंत्री बांसडीह के पिंडहरा में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अपने



35 मिनट के संबोधन में सीएम ने राजनीतिक दल पर टिप्पणी करने से गुरेज किया, लेकिन अपनी सरकार की उपलब्धियों का खूब बखान किया। कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि महिला आरक्षण कानून मूर्त रुप ले। इसीलिए उसे लंबे समय से लटकाए रखा था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति के आगे किसी की एक नहीं चली और मजबूरन सबकों इसका समर्थन करना पड़ा। सीएम ने कहा कि आरक्षण से महिलाओं का तेजी से विकास होगा। कहा कि दीपावली पर उज्जवला योजना के कनेक्शनधारियों को मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही बलिया के विकास के लिए गंगा और सरयू नदी में जेटी का का निर्माण कराया जाएगा। ताकि बलिया से अयोध्या सीधे जुड़ सकें। जल मार्ग का विकास होने से जिले में रोजगार सृजन होगा। कहा कि सरकार ने आयुष्मान योजना की धनराशि में बढ़ोत्तरी की है। साथ ही बेटियों को शादी के लिए 51 हजार रुपये दे रही है। बेटियों की सुरक्षा के लिए नए कायदे-कानून बनाए गए है। ताकि हमारी बेटियां बेखैफ होकर विकास में सहभागी बनें।कहा कि जिले के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। जिले को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज का तोहफा मिलेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय में नए भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बलिया श्रीअन्न और सब्जी की प्राकृतिक खेती हो रही है। इसे देश और विदेशों के बाजारों में पहुंचाने के लिए सरकार काम कर रही है। महिलाओं के विकास के लिए गांव स्तर पर स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता सराहनीय है।

भाजपा नेता सूरज राय सहित आठ पर मुकदमा

मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के कसारा गांव में बृहस्पतिवार की देर शाम कार को निशाना बनाकर हुई गोलीकांड में महुआर निवासी अनूप सिंह की तहरीर पर शुक्रवार को पुलिस ने कसारा गांव निवासी भाजपा नेता सूरज सहित आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी रही। थाना के महुआर गांव में बीते दिनों दशहरा मेले के दौरान मारपीट के बाद पूरा मामला बढ़ा था।

दर्ज मुकदमे के अनुसार, बृहस्पतिवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे वह अपनी कार द्वारा कोपागंज से अपने गांव जा रहा था। कार में अतुल सिंह, विवेक सिंह, संजय सिंह भी थे। कसारा के पास पहुंचे ही थे कि धर्मेन्द्र राजभर निवासी मुहम्मदपुर बाबूपुर इन्दारा, स्वराज सिंह, रोहित सिंह, मान सिंह निवासीगण इंदारा थाना कोपागंज, अश्वनी सिंह गोलू निवासी महुवार और अंकित कुमार लोटा, अनुज यादव प्रिंस निवासी गण निजामुद्दीनपुरा थाना कोतवाली व दो अज्ञात ने कार पर अचानक हमला कर दिया। धर्मेन्द्र राजभर व स्वराज सिंह रानू पिस्टल निकालकर हमलोगों को लक्ष्य कर फायर कर दिया। कार में सवार चारों लोग गाड़ी से निकलकर जान बचाने के लिए खेत की तरफ भागे कि बाइक से रोहित सिंह, अंकित कुमार, अनुज यादव, मान सिंह, अश्वनी सिंह राड व डंडा लेकर मारने पीटने लगे। घटनास्थल के पास धान के खेत में भागकर सभी ने किसी तरह जान बचाया।

पीड़ित ने बताया कि इस घटना से पूर्व धर्मेन्द्र राजभर ने उसके मोबाइल पर फोन कर जान से मारने की धमकी भी दी थी। हम लोगों के भागने के बाद उपरोक्त लोग मेरी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिए हैं। आरोप लगाया कि इस पूरी घटना की साजिश पिछले दो दिनों से सूरज राय निवासी कसारा थाना कोपागंज की है। सूरज राय के इशारे पर ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना में मुझे व मेरे साथियों को गंभीर चोट आई है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने भाजपा नेता सहित नौ के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।

बदबू आने पर 15 लाख के 60 क्विंटल मावे को कराया नष्ट

गाजियाबाद/मुरादनगर। खाद्य विभाग और पुलिस टीम ने शुक्रवार को दिल्ली मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास तीन कैंटर से 60 क्विंटल मिलावटी मावा पकड़ा। खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच के लिए मावे के आठ नमूने भरने के बाद 15 लाख की कीमत के मावे को नष्ट करा दिया। अधिकारियों ने बताया कि मावा में से बदबू आने पर इसे नष्ट कराया गया। पुलिस ने पूछताछ के लिए तीनों गाड़ी चालकों को थाने में बैठाया। मुरादनगर के अलावा विजयनगर गोविंदपुरम और अन्य क्षेत्रों में मिठाई की दुकान पर अभियान चलाकर कुल 13 नमूने भरे गए। एसडीएम संतोष राय ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि थानाक्षेत्र भोजपुर के कलछीना गांव से दिल्ली के लिए भारी मात्रा में मिलावटी मावा जा रहा है। इसकी सूचना खाद्य विभाग और मुरादनगर पुलिस को दी गई। खाद्य विभाग व पुलिस ने गंगनहर पुल के पास चैकिंग अभियान चलाया। इसी बीच जलालाबाद मार्ग से तीन कैंटर आते दिखाई दिए। पुलिस ने कैंटरों को रुकवाकर जांच की तो गाड़ियों में भारी मात्रा में मावा बरामद हुआ। इस दौरान गाड़ी में मौजूद लोग कूदकर भाग गए। पुलिस ने तीनों कैंटर के चालकों को पकड़ा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एनएन झा ने बताया

यह मावा भोजपुर थानाक्षेत्र के कलछीना गांव से जलालाबाद के रास्ते होते हुए दिल्ली खोया मंडी में ले जाया जा रहा था। भौतिक जांच में प्रथम दृष्ट्या मावा मिलावटी पाया गया, जिसमें दुर्गंध आ रही थी। मावे के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि कैंटर चालक आरिफ, सलीम, तहसीम निवासी कलछीना को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। विभाग की तरफ से विजयनगर स्थित स्टैंड पनीर स्पलायर, दीपांशी स्वीट्स, चौधरी स्वीट्स के यहां से बटर चाप बेसन के लड्डू और छैना स्वीट्स से मिलावट के संदेह पर सभी के चार नमूने भरे। इसके अलावा गोविंदपुरम स्थित मिट्ठू स्वीट्स से कलाकंद का नमूना लिया गया। सहायक आयुक्त खाद्य विनीत कुमार ने बताया कि पूरे जिले से मिठाईयों,मावा के 13 नमूने लिए गए हैं। अभियान में विजय कुमार, जयपाल सिंह, शैलेंद्र सिंह, मीरा सिंह, अमित कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार यादव, महेंद्र प्रताप सिंह और भावना अगरिया शामिल रहीं।

संविदा बिजली कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

जौनपुर। नगर के हाईडिल स्थित विद्युत वितरण मंडल-प्रथम कार्यालय पर बृहस्पतिवार को बीते आठ माह से वेतन न मिलने से विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। संविदा कर्मियों का आरोप है कि विद्युत वितरण का निजीकरण करने के प्रदेश सरकार के प्रस्ताव के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर व अभियंता अधिकारी शामिल रहे हैं, जिसमें निविदा कर्मचारी भी हैं। इस कारण निविदा कर्मचारियों का बीते आठ माह से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों व अनुबंधित कंपनी से आग्रह किया गया था, लेकिन अभी तक वेतन भुगतान नहीं किया गया है, केवल अश्वासन मिलता है। झूठे आश्वासन देकर निविदा कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा है। वेतन के भुगतान न होने से निविदा कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति है, परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाए रखने एवं अनुरक्षण परिचालन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के संपादन में निविदा कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है। विभाग अनुबंधित कंपनी द्वारा संविदा कर्मचारियों का शोषण करना एवं वेतन का भुगतान न करना निंदनीय है। इस मौके पर बाबा दुबे, संतराम यादव, नारायण दास मौर्या, मोहम्मद जमाल, कुंदन, प्रदीप कुमार (मुन्ना), सतीश सिंह, आशुतोष दुबे, कुंवर सिंह आदि रहे।

पत्नी से मारपीट पति समेत तीन पर मुकदमा

मधुबन। रामपुर थाना के रोपनपुर निवासी एक महिला द्वारा एसपी को दी गई तहरीर के आधार पर और उनके आदेश पर पुलिस ने बृहस्पतिवार की देर शाम मारपीट के आरोप में पति समेत तीन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रोपनपुर निवासी आयशा द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार, उसकी शादी फरवरी 2012 में आजमगढ़ जिले के टोलीपुर सगड़ी निवासी मोहम्मद शाहीद से हुई थी। आयशा का कोई भाई नहीं होने से पति शाहीद मायके से जमीन बेचकर रुपये की मांग करने लगा। रुपये न देने पर बच्चों और पत्नी को मायके छोड़कर चला गया। बीते अगस्त में शाहीद अपने भाई जासीम और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ रोपनपुर पहुंचा और उसे मारपीट कर उसके गहने लेकर चला गया। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई।

बिहार में फिर आया भूकंप

बिहार समेत देश में कई राज्यों में एक बार फिर भूकंप का बड़ा झटका महसूस किया गया। नेपाल में भूकंप का केंद्र था। मौसम विभाग के अनुसार 6.4 तीव्रता का यह भूकंप था, जो शनिवार रात 11 बजकर 32 मिनट पर आया था। जमीन के 10 किलोमीटर नीचे केंद्र था। भूकंप का असर नेपाल से सटे बिहार और उत्तर प्रदेश के सभी सीमावर्ती जिलों में ज्यादा रहा। इसके साथ दोनों राज्यों की राजधान भूकंप का असर नेपाल के साथ दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड के सीमावर्ती जिलों में ज्यादा दिखा। पटना में लोग अपने घर में सो रहे थे अचानक उनका बेड हिलने लगा। लोग फौरन घर से बाहर निकल गए। हालांकि कहीं से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। तक लोगों ने झटका महसूस किया। झारखंड और पश्चिम बंगाल तक इसका असर रहा। सीवान में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

डेंगू के 25 और नए मरीज, संख्या पहुंची 600 के पार

जौनपुर। जिले डेंगू का संक्रमण कम नहीं हो रहा है। जांच के लिए जिला अस्पताल में लोगों की भीड़ लग रही है। अस्पताल प्रशासन की माने तो हर 20 से 25 डेंगू के नए मरीज मिल रहे हैं। जिला अस्पताल में बुखार पीड़ितों की जांच कराई जा रही है। शुक्रवार को हुई जांच में शाम पांच बजे तक की रिपोर्ट में डेंगू पॉजिटिव के 25 मरीज मिले थे। डेंगू संक्रमितों की संख्या बढ़कर 600 के पार पहुंच गई है। चिकित्सकों की माने तो जब तक मौसम ठंडा नहीं होगा डेंगू का संक्रमण कम नहीं होगा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के अस्पताल डेंगू के मरीजों से पटे हैं। बीमारों का प्लेटलेट्स कम होने पर उनके परिजन प्लेटलेट्स के लिए ब्लड बैंकों का चक्कर काट रहे हैं। बुखार होने और शरीर में दर्द होने पर हर किसी को डेंगू होने का भय सता रहा है। जिला अस्पताल में भी हर 100-150 मरीजों के डेंगू की जांच कराई जा रही है। डेंगू का संक्रमण बढ़ने के बाद भी शहरी इलाकों में न तो दवा का छिड़काव हो रहा है, और न ही फागिंग कराई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन का दावा है कि रोस्टर के हिसाब से फागिंग कराई जा रही है। एक दिन में एक वार्ड में फागिंग कराई जाती है। इस हिसाब से शहर में कुल 39 वार्ड हैं। एक वार्ड का नंबर 39 वें दिन ही आएगा। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 600 के पार पहुंच गई है। बीमार लोगों पर नजर रखी जा रही है। डेंगू की जांच के लिए जिला अस्पताल में व्यवस्था है। जरूरी होने पर छिड़काव भी कराया जा रहा है। -डॉ.बीपी सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी जौनपुर।

छात्राओं ने हंगामा कर प्राचार्य का किया घेराव

मोदीनगर। गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने शुक्रवार को ड्रेस कोड बदलने व अन्य मांगों को लेकर हंगामा कर प्राचार्य का घेराव किया। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने पर कॉलेज परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्राओं को समझाकर शांत कराया। महाविद्यालय के मुख्य गेट पर शुक्रवार सुबह छात्राएं एकत्र होनी शुरू हुईं। छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी करती छात्राएं कॉलेज परिसर में पहुंची और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद प्राचार्य वंदना शर्मा का घेराव किया। छात्राओं की मांग है कि कॉलेज की ड्रेस बहुत पुरानी हो चुकी है, ड्रेस कोड को बदलने की मांग छात्राएं काफी समय से करती आ रही हैं। इसके अलावा कॉलेज परिसर में कैंटीन खोलने की मांग की छात्राओं ने की। महाविद्यालय के मुख्य गेट पर शुक्रवार सुबह छात्राएं एकत्र होनी शुरू हुईं। छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी करती छात्राएं कॉलेज परिसर में पहुंची और हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद प्राचार्य वंदना शर्मा का घेराव किया। छात्राओं की मांग है कि कॉलेज की ड्रेस बहुत पुरानी हो चुकी है, ड्रेस कोड को बदलने की मांग छात्राएं काफी समय से करती आ रही हैं। इसके अलावा कॉलेज परिसर में कैंटीन खोलने की मांग की छात्राओं ने की।

ओपीडी में पहले दिखाने को लेकर सिपाही ने किया हंगामा

मोदीनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में ओपीडी में पहले दिखाने को लेकर सिपाही ने हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे समझाकर शांत कराया। सीएचसी अस्पताल में शुक्रवार सुबह करीब दस बजे एक युवक पहुंचा और अपने को पुलिसकर्मी बताकर हंगामा किया। ओपीडी में युवक पहले दिखाने की बात कह रहा था। इतना ही नहीं डॉक्टर के पास पहुंच गया और अभद्रता शुरू कर दी। हंगामा बढ़ने पर डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाकर शांत कराया। बताया गया है कि हंगामा करने वाला युवक यूपी पुलिस से है, एसीपी ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

आईआईटी-बीएचयू की घटना को बयां करती ये पेंटिंग



वाराणसीः बीएचयू के आर्ट डिपार्टमेंट के आशीष कुमार ने आईआईटी में हुई घटना पर एक पेंटिंग बनाई है। सात घंटे में तैयार हुई इस पेंटिंग में उस घटना का दृश्य है। इस पेंटिंग में बीएचयू के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की आंखों में आंसू हैं। आईआईटी बीएचयू कैंपस में सुरक्षा घेरा और मजबूत होगा। परिसर में नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। सभी ड्यूटी प्वाइंट्स पर हर दो घंटे निगरानी की जाएगी। कैंपस में पिंक पुलिस बूथ भी बनेगा। इसमें महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की जाएगी। परिसर में जगह-जगह बीएचयू कंट्रोल रूम, आईआईटी बीएचयू कंट्रोल रूम, पुलिस प्रशासन सहित अन्य हेल्पलाइन नंबर डिस्प्ले किए जाएंगे। क्यूआरटी व पीआरवी की भी तैनाती परिसर में की जाएगी। ये फैसला शुक्रवार को बीएचयू व आईआईटी बीएचयू के प्रॉक्टोरियल बोर्ड और पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक में लिया गया। न्यू टीएलसी बिल्डिंग में हुई बैठक में तय हुआ कि बीएचयू और आईआईटी बीएचयू सुरक्षा के मुद्दे पर एक साथ काम करेंगे। आईआईटी के महत्वपूर्ण बैरियर प्वाइंट्स और इंट्री प्वाइंट, मुख्य तिराहों, चौराहों पर संस्थान के सुरक्षाकर्मी और पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो मौजूद प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सुरक्षाकर्मियों का सहयोग करेंगे। आईआईटी बीएचयू के तीन और बीएचयू के नाइट पेट्रोलिंग पार्टी के साथ चेकिंग रजिस्टर रखे जाएंगे। सभी ड्यूटी प्वाइंट्स पर हर दो घंटे इसकी निगरानी भी की जाएगी। बैठक में पुलिस प्रशासन की तरफ से अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एस चनप्पा, डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम, एसीपी भेलुपूर प्रवीण सिंह के साथ ही आईआईटी के चीफ प्रॉक्टर प्रो. सुनील मोहन, बीएचयू के चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसपी सिंह समेत प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य व सुरक्षाधिकारी मौजूद रहे।

बिजली व्यवस्था सुधारने को काम करेंगी 12 कंपनियां

वाराणसीः जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए बड़े पैमाने पर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, उसकी सुरक्षा के अलावा नए उपकेंद्र बनाए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में काम करने के लिए दोनों सर्किलों में छह-छह कंपनियां काम करेंगी। शुक्रवार को बिजली निगम ने निविदा प्रक्रिया पूरी की। अधीक्षण अभियंता प्रथम अनूप सक्सेना ने बताया कि जिले में बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए कई काम कराए जाएंगे। इसमें ओवरलोडिंग की समस्या को खत्म करने के लिए नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इसके अलावा ओवरलोडिंग वाले उपकेंद्रों व ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। दोनों सर्किल में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

महाकुंभ में डेढ़ लाख टॉयलेट की व्यवस्था

प्रयागराज/लखनऊः महाकुंभ 2025 कई मायनों में खास होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर टीम यूपी सनातन धर्म के इस महा आयोजन को लेकर अभी से तैयारियों में जुट गई है। महाकुंभ के क्षेत्रफल में विस्तार के साथ ही योगी सरकार इस पूरे आयोजन की पवित्रता को भी अक्षुण्ण रखने पर विशेष जोर दे रही है। इसके लिए पूरे कुंभ क्षेत्र में तकरीबन डेढ़ लाख शौचायलयों को स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि 2025 का महाकुंभ पूरी तरह ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) हो। 4 हजार हैक्टेयर में स्थापित किये जाने वाले पूरे कुंभ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटकर स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए सरकार की ओर से स्वच्छताकर्मियों की लंबी-चौड़ी फौज को तैनात किया जाएगा। सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ को लेकर योगी सरकार ने तकरीबन ढाई हजार करोड़ का बजट तय किया है। इसमें पूरे कुंभक्षेत्र को अभेद्य बनाने के साथ ही साफ-सफाई को लेकर भी तगड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। सरकार कुंभक्षेत्र में स्वच्छता को लेकर 300 करोड़ से अधिक खर्च करेगी। इसके लिए 52 हजार से अधिकर सामुदायिक शौचालय, 53 हजार से अधिक शौचालय विभिन्न टेंटों में, पार्किंग और अप्रोच सड़कों पर 14 हजार से अधिक शौचालय और 20 हजार से अधिक पब्लिक यूरिनल (मूत्रालय) यानी कुल मिलकार तकरीबन डेढ़ लाख शौचालयों का निर्माण योगी सरकार करेगी। इसके अलावा 25 हजार से अधिक डस्ट/वेस्ट बिन, 120 टिपर-हॉपर ट्रक, 40 कॉम्पैक्टर, 9800 स्वच्छताकर्मी और 1800 स्वच्छता वालेंटियर्स पूरे मेला क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था संभालेंगे। पौष पूर्णिमा (13 जनवरी 2025) से महाशिवरात्रि (26 फरवरी 2025) तक 45 दिनों के इस महाआयोजन में स्वच्छता को बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभी से तैयारियों को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया गया है। कुंभ क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने के लिए योगी सरकार बड़ी संख्या में फाइबर रिइन्फोर्स्ड पॉलीमर (एफआरपी) शौचालयों को स्थापित करेगी। इनमें स्पेटिक टैंक वाले 15 हजार एफआरपी, जबकि सोकपिट वाले 10 हजार एफआरपी स्थापित किये जाएंगे, जिन्हें सामुदायिक क्षेत्र और कैंपों व अखाड़ों में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही सामुदायिक क्षेत्रों में तकरीबन 20 हजार एफआरपी यूरिनल्स भी स्थापित किये जाएंगे। वहीं 22 हजार प्री-फैब्रीकेटेड स्टील टॉयलेट (सेप्टिक टैंक) तथा 17 हजार प्री-फैब्रीकेटेड स्टील टॉयलेट (सोकपिट) को मेला क्षेत्र के बाहरी इलाकों और पार्किंग क्षेत्रों के साथ ही सरकारी दफ्तरों के कैंपों में स्थापित किये जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक कैंपों में भी कांठ/टेंट के टॉयलेट्स स्थापित किये जाएंगे।

यूपी में 74.66 करोड़ की लागत से बनेंगी 25 सड़कें

प्रयागराज। महाकुंभ के पहले नगर निगम मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलप स्कीम (अर्बन)- सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर की 25 सड़कों को संवारा जाएगा। योजना के तहत इन सड़कों के सुंदरीकरण और चौड़ीकरण के लिए 74.66 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। शासन की ओर से बजट आवंटित किया जा चुका है। नगर निगम की ओर से 25 सड़कों की सूची शासन को भेज दी गई है। इन सड़कों पर 32635 मीटर दूरी तक सुंदरीकरण करने के साथ ही चौड़ीकरण का कार्य भी किया जाएगा। इन सड़कों पर डिवाइडर बनेंगे। छायादार और शोभादार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा जर्जर हो चुकी सड़कों को भी दुरुस्त किया जाएगा। एक माह के भीतर सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सुल्तानपुर भावा में पहलवान चौराहा से लेबर चौराहा होते हुए करामत चौकी मार्ग। प्रीतम नगर में केंद्रांचल गेट से लेकर विवेकानंद चौराहा होते हुए आरके टावर तक। ट्रांसपोर्ट नगर में धर्मवीर मूर्ति से लेकर आरटीओ चौराहा तक। ट्रांसपोट नगर में श्री नमो नारायण के घर के सामने से गरीब दास चौराहा तक। प्रीतम नगर जीटी रोड थाना से दुर्गा पूजा पार्क तक। शांतिपुर में प्राची हास्पिटल से लेबर चौराहा गोहरी क्रासिंग तक। लवायन इंडस्ट्रीयल एरिया से मीरजापुर रोड से जक्शन तक। झूंसी कोहना से पुलिस चौकी जीटी रोड तक। इंडियन प्रेस चौराहा से डायमंड जुबली हास्टल तक। कनिहार में जीटी रोड से त्रिवेणी पुरम रोड तक। केपी इंटर कालेज के सामने से जगत तारण गोल्डेन जुबली स्कूल होते हुए जवाहर लाल नेहरू रोड। कृति स्कैनिंग सेंटर से होते हुए चंद्रपाली क्लीनिक होते हुए सीएमपी डिग्री कालेज के पीछे तक।

नेतराम चौराहा से लखनऊ रोड तक। अतरसुइया गोलपार्क से पजावा पावर हाउस तक। करेली आवास विकास योजना में सी ब्लाक,डी ब्लाक की सड़क। म्योहाल चौराहा से मनमोहन पार्क तक की सड़क। शांतिपुरम में काशीराम आवास योजना से आई हास्पिटल तक। आईआईटी चौराहा से ला युनिवर्सिटी होते हुए कसारी- मसारी तक। लूकरगंज जीटी रोड से खुसरोबाग बाउंड्री तक। मधवापुर से परेड मैदान तक। लूकरगंज मछली तिराहा से पुलिस चौकी होते हुए घनश्याम नगर तक। कटरा जहाज चौराहा से कचहरी होते हुए लक्ष्मी टाकिज चौराहा तक। 33.84 करोड़ रुपये में बेहतर करेंगे जलापूर्ति।

पकड़े 60 यात्री,11800 रूपये जुर्माना वसूला

वाराणसी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के निर्देशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रशांत कुमार के नेतृत्व में गुरूवार को बनारस स्टेशन को आधार बनाकर पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 05138 प्रयागराज-मऊ अनारक्षित एक्सप्रेस,12581 नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 05173 बनारस दृ प्रयागराज रामबाग अनारक्षित एक्सप्रेस, 05169 बलिया-प्रयागराज रामबाग सहित विभिन्न गाड़ियों में किलाबन्दी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है। इस टिकट जांच अभियान टीम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रशांत कुमार के साथ 10 टिकट जाँच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के आठ जवानों के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया और बिना टिकट यात्रा करने वाले एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों समेत कुल 60 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में रु 11800 (ग्यारह हजार आठ सौ रूपये) जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया। इस टिकट जाँच अभियान में कुल 45 यात्रियों को जुर्माना नहीं चुकाने पर रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष ट्रायल हेतु प्रस्तुत किया गया और जुर्माना अदा करने के पश्चात छोड़ा गया। उक्त बस रेड अभियान के दौरान इस खण्ड के स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर टिकट लेने के लिए लम्बी कतार लग गई थी। वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक श्री शेख रहमान ने आम यात्रियों से अपील की है कि यात्री अपनी यात्रा के दौरान स्टेशन अथवा ट्रेनों में साफ-सफाई का ध्यान देवें और उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें ।

महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव

फूलपुर। देहात स्थिति रणबहादुर महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव रविवार को धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सतरंगी छटा के बीच गीत संगीत और नृत्य की खुशबू से पंडाल नहा उठा। छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनोरम नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने शिक्षा के प्रसार की अनिवार्यता का संदेश दिया। साथ ही गीत और एकांकी आदि के माध्यम से देश के विकास के लिए राष्ट्रीय एकता की भावना को विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती के चित्र पर प्रबंधक और पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह यादव और प्रधान सुरेन यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओ द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की कड़ी में स्वर लहरियों के उतार चढ़ाव के बीच राजस्थानी,गुजराती नृत्य और पंजाबी, भांगड़े की धूम मची। छात्राओ ने कई तरह की फिल्मी तराना के साथ एक से बढ़ कर एक लोक गीत, फिल्मी गीत और देश भक्ति गीत पेश कर हर किसी को अपनी जादुई अदा से फिदा कर दिया। श्रद्धा यादव ने मिश्रित नृत्य प्रस्तुत किया। झांसी की रानी लघु नाटिका की प्रस्तुति से दिल में जोश और जज्बा पैदा कर दिया । कन्या भ्रूण हत्या भाषण से लोगो को लड़की के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया । ज्योतिबा फूले शिक्षा का प्रसार के दौरान शिशु के निधन का दृश्य देख दर्शको की आंखे नम गई। प्रबंधक श्याम बहादुर यादव ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए खास तौर से बालिकाओं की शिक्षा जरूरी हैं। चूंकि बालिकाएं दो घरों को रोशन करती। शिक्षा से ही देश और समाज का विकास होता है। संचालन अध्यापक सूरज सोनी ने किया। प्राचार्य बीआर यादव ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रधान सुरेन्द्र सिंह यादव, प्रदीप कुमार, सूरज, सचिन, रामावतार, शेर बहादुर, अजय यादव , अशोक , प्रिया, सुरेश, आदि रहे।

ग्राम न्यायालय को शीघ्र चालू करने की मांग

फूलपुर। तहसील बार एसोसिएशन द्वारा तहसील परिसर में स्थापित ग्राम न्यायालय को शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे । इस दौरान अध्यक्ष लालचंद यादव के नेतृत्व में वकीलों ने मुख्य मंत्री को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सौंपा । अधिवक्ताओं ने निर्णायक संघर्ष का शंखनाद करते हुए ग्रामीण न्यायालय शुरू हो जाने तक बड़े आंदोलन करने का आह्वान किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष लालचंद यादव और महामंत्री फूलचंद यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ता व त्वरित न्याय सुलभ कराने के लिए फूलपुर तहसील परिसर में ग्राम न्यायालय की स्थापना की है। इसमें सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करा दी गई । उद्घाटन की एक नवंबर की तारीख निर्धारित भी की गई थी। लेकिन इसे अपरिहार्य कारणों से टाल दिया गया जो नियम कानून के खिलाफ है। ग्रामीण अदालत चालू करनाउच्च न्यायालय द्वारा किया गया यह कार्य जो अत्यंत सराहनीय है। ग्राम न्यायालय के लिए फूलपुर में तहसील परिसर में बने भवन में सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है। लेकिन आश्चर्य है कि दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं द्वारा इसका अनावश्यक रूप से विरोध किया जा रहा है। जबकि फूलपुर क्षेत्र से 50 से 60 किलोमीटर की दूरी तय करके यहां के लोग न्यायालय संबंधी कार्यों के लिए जिला मुख्यालय जाते हैं। ऐसे में फूलपुर में ग्राम न्यायालय की स्थापना जनहित में सर्वथा उचित है। अधिवक्ताओं ने कहा कि ग्राम न्यायालय का उद्घाटन शीघ्र किया जाय। अगर ऐसा नही हुआ तो बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके समस्त अधिवक्ता मौजूद थे।

श्रीमद भागवत ज्ञान महायज्ञ के समापन

आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के छपरा सुलतानपुर गांव अंतर्गत 26 अक्टूबर से 3 नवंबर तक चलने वाली श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का समापन शुक्रवार को किया गया। समापन पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 5000 हजार लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और जमकर जयकारे लगाए जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। वही भंडारे में गांव व क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया जिससे यज्ञ को सफल बनाया जा सके। इस दौरान 9 दिन तक चले श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ में आस-पास पड़ोस के काफी लोगों ने शिरकत किया जहां भंडारे का आयोजन व प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

पुलिस के हत्थे चढ़े दो सूदखोर, गिरफ्तार

फूलपुर) आजमगढ़ । पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत फूलपुर कोतवाली में तैनात एसआई जय प्रकाश पाण्डेय बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान मुकदमें में वांछित विपिन कुमार राय उर्फ बब्बू राय पुत्र ईश्वर चंद्र राय ग्राम भवरुपुर थाना अहिरौला व सोनू यादव पुत्र रमेश यादव ग्राम पूरा दुबे थाना अहिरौला को फूलपुर स्थित माहुल मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार अनमोल राय पुत्र ओमप्रकाश राय साकिन लखनपुर पट्टी बादलरायथाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़ दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र पर दिया गया था। कि अभियुक्तगण द्वारा माह सितम्बर वर्ष 2022 में तीन लाख तीस हजार रुपये सूद पर लिया था। जिसके एवज में ब्याज सहित कुल 6 लाख पचास हजार रूपया वापस

कर दिया, दिनांक 31.10.2023 को अभियुक्तगण द्वारा आवेदक को जबरदस्ती अपनी दुकान में बैठाकर पैसा मांगना न देने पर ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर कराना तथा स्टाम्प पेपर पर गाडी का बेचीनामा लिखवा लिया , और मारपीट कर घायल कर दिया, इस मामले में कोतवाली फूलपुर में मु0अ0सं0 503/23 धारा 323,342,386 भादवि व 22/23 उत्तर प्रदेश साहूकारी अधिनियम 1976 बनाम 1. विपिन राय उर्फ बब्लू राय पुत्र ईश्वर राय साकिन भँवरूपुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 2 सोनू यादव पुत्र रमेश यादव साकिन दुबे का पूरा थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ के पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक जयप्रकाश पाण्डेय के द्वारा किया गया।

एजुकेशनल अचीव सर्वे के माध्यम से छात्र-छात्राओं से पूछे गए प्रश्न

आजमगढ़। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत(सी बी एस सी बोर्ड)इंग्लिश मीडियम विद्यालय, न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल फूलपुर में शुक्रवार परख संस्था के द्वारा स्टेट एजुकेशनल अचीव सर्वे के माध्यम से छात्र-छात्राओं को हिंदी और मैथ के सब्जेक्ट का प्रश्न पत्र ओमर के माध्यम से पूछे गए थे इस परीक्षा आयोजन में क्लास 3 से 30 स्टूडेंट क्लास 6 से 30 स्टूडेंट का चयन किया गया था चयनित छात्राओं ने इस परीक्षा कार्यक्रम में सफल चयनित छात्राओं ने इस परीक्षा में बड़े ही उत्साहित होकर परीक्षा में सम्मिलित हुए इस आयोजन में शिक्षा विभाग के फील्ड इन्वेस्टिगेटर सुरेंद्र यादव व सच्चिदानंद यादव के देखरेख में यह परीक्षा सफलता पूर्वक नई शिक्षा नीति के मापदंडों के अंतर्गत संपन्न हुई समापन पर विद्यालय के प्रबंधक चंद्रिका यादव व वाइस प्रिंसिपल संयुक्त समाज व दिलीप मिश्रा ने परीक्षा में सम्मिलित समस्त छात्र-छात्राओं को अच्छे परिणाम आने की शुभकामना और अग्रिम बधाई दी। इसी कड़ी में भोरमऊ स्थित श्री कृष्ण इन्टर कॉलेज में भी फील्ड इन्वेस्टिगेटर के माध्यम से परख संस्था के द्वारा स्टेट एजुकेशनल अचीव सर्वे के माध्यम से छात्र-छात्राओं को हिंदी और मैथ के सब्जेक्ट का प्रश्न पत्र ओमर के माध्यम से प्रस्तुत किए गए जिसका लिखित परीक्षा छात्र छात्राओं ने दिया इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल अरविन्द कुमार अस्थाना सहायक अध्यापक पंकज कुमार बड़े बाबू हरिकेश यादव व प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक प्रमोद प्रजापति सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

आजमगढ़ में देर रात भूकंप के झटके

आजमगढ़। यूपी समेत कई राज्यों में शुक्रवार की देर रात तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए, देर रात तकरीबन 11.35 मिनट से लगभग दो मिनट तक झटका महसूस हुआ, जो अब तक खबर मिली है उसमें लखनऊ बिहार के पटना सहित आजमगढ़ के लगभग सभी क्षेत्रों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, आजमगढ़ के आसपास जैसे ही तेज भूकंप के झटके महसूस होने लगे, लोग गहरी नींद से उठकर बाहर की तरफ भागे, यही नहीं लोग पूरी रात अपने शुभचिंतकों के यहां फोन करके उनका हाल-चाल लेते देखे गए

अपना दल एस ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई जयंती

आजमगढ़। सगड़ी क्षेत्र में अपना दल एस ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती ग्राम पंचायत बनहरा के एक निजी विद्यालय में मनाया। जयंती कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि रेखा वर्मा दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉक्टर सोनेलाल पटेल, भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर फुल का माला पहना कर किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल 562 रियासतों को एक करके अखंड भारत का निर्माण किया। अंग्रेजी हुकूमत के समय किसानों के समय साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज उठाया। हमारी पार्टी उनके मूल्यों और आदर्शों पर चलती है। जातिगत जनगणना हमारी पार्टी की मांग है। पिछड़ों की लड़ाई और हक के लिए हमारी पार्टी तैयार है और हमेशा लड़ाई लड़ती है। मालती सिंह वरिष्ठ नेता अपना एस ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन इस अवसर पर किया गया था। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर सांस्कृतिक कलाकारों ने गीत गाए। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ पटेल और अध्यक्षता श्याम विजय पटेल जिला अध्यक्ष अपना दल एस ने किया। इस अवसर पर बालमुकुंद पटेल, विनोद साहनी, राकेश कुमार सिंह, मालती सिंह, प्रदीप सिंह, रामजनम विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्र लोग उपस्थित रहे।

नारी शक्ति वंदन,क्रियान्वयन की उम्मीद में नारी

नारी शक्ति वंदन बिल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुकी मंजूरी मिलने के परांत कानून बन चुका है। निश्चय ही प्रेरक पहलके तौरपर यह सराहनीय विषय है, वर्षोंसे उठती मांग अंततः किसी निर्णायक मोड़तक पहुंची ! विश्लेषण करें तो महिलाओंके नेतृत्वमें होनेवाला समावेशी विकास दूरगामी प्रभावोंके साथ क्रांतिकारी परिवर्तनके लिए उत्प्रेरक है जो युग-युगांतर प्रतिध्वनित होता है। नारी नेतृत्व क्षमतामें अपार मानसिक सुदृढ़ताके साथ कोमल भावनाएं समाविष्ट होनेके कारण न्यायिक प्रतिबद्धताको अपना यथेष्ट स्थान मिलनेकी संभावनाएं भी प्रबल रहती हैं। स्वतंत्रताके सात दशक बाद भी समताके नामपर देशकी आधी आबादीको 33 फीसदी अधिकार मिलना खलता तो अवश्य है किन्तु महिला प्रतिनिधित्व बढ़कर एक-तिहाई होनेसे वर्तमान समाजमें फैली नारी उत्पीड़न समस्याओं में विशेष सुधार होनेकी आस जगना भी अपने आपमें कम महत्वपूर्ण उपलब्धि नहीं बदलते समयकी इस चिर-प्रतीक्षित आहट से समाजमें नारीकी स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होनेकी उम्मीद भले प्रबल हुई हो किन्तु यदि नर-नारी समानताको वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरमकी ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2023 के अनुमानित दृष्टिकोण से देखा जाय तो भारतकी महिलाओंको पुरुषोंके समकक्ष आने में अभी 149वर्ष लगेंगे। रिपोर्टके मुताबिक वैश्विक स्तरपर भी लैंगिक भेदभावके समापनमें अभी 131 साल बाकी हैं। वर्ष 2006 से 2023 के दौरान लैंगिक समानतामें केवल चार फीसदी सुधार होनेका अनुमान है। वर्तमानमें वैश्विक स्तरपर समानता सिर्फ 68 फीसदीतक पहुंच बना पायी, जबकि भारतमें इसकी मौजूदा स्थिति 64 फीसदी है। धीमी गति के चलते वर्ष 2154 से पूर्व इसका सौ फीसदीतक पहुंच पाना मुश्किल है, जबकि भारतको इस संदर्भ में 18 वर्ष अतिरिक्त लगेंगे। वैतनिक समानता के अधिकारको झुठलाती रिपोर्ट बताती है कि वर्क फोर्समें महिलाओंकी 37फीसदी प्रतिभागिता सहित हम 139वें स्थानपर हैं। समान कार्यके लिए महिलाओंको पुरुषोंके समान वेतन देनेकी बात करें तो इस संबंध में वैश्विक स्तरपर हमारा देश अभी 116वें पायदानपर है। महिला पुरुषकी अनुमानित आयमें मौजूद अंतर देखा जाय तो हम 141वें स्थानपर आते हैं। जन्मके समय लिंगानुपात में हम 140 वें तथा स्वस्थ जीवन जीने में 137वें रैंक पर हैं। रिपोर्ट खुलासा करती है, महिलाओंको पुरुषोंके मुकाबले आर्थिक समानता पाने में 169वर्ष लग सकते हैं तथा राजनीतिक समानताप्राप्ति हेतु 162 वर्ष प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। संसदमें महिला प्रतिभागिताकी बात करें तो हमारा देश 117वें स्थानपर आता है। महिला मंत्रियोंके अनुपातमें हम 146 देशोंकी सूचीमें 132 वें स्थानपर हैं। देशकी केवल 17 फीसदी कंपनियोंके बोर्डमें महिलाएं हैं। मात्र दो फीसदी कंपनियोंमें ही महिला स्वामित्व पाया गया। नारी साक्षरता दर तथा प्राथमिक शिक्षाके विषयमें भले ही हम 24 अन्य देशों सहित संयुक्त रूपसे पहले नंबरपर हों किंतु कदाचित बात रोजगार अवसरोंकी हो तो देशका एक बड़ा प्रतिशत इससे वंचित है। किसी भी रूपमें नारी शोषण- उत्पीड़न तथा उसके विरुद्ध आपराधिक एवं दुष्कर्म मामलोंका प्रतिपल संज्ञान लिया जाय तो हृदय दहल जाता है। निश्चय ही नारी प्रतिनिधित्वमें वृद्धि से स्थिति सुधरनेकी कामना कर सकते हैं किंतु चाहकर भी उन तथ्योंको नहीं नकार सकते जो प्रथम दृष्टया ही नारी प्रतिनिधित्वपर पुरुषत्व हावी होनेका अंदेशा दे जाते हैं। कतिपय अपवाद छोड़ दें तो बहुधा देखने में आया कि प्रतिनिधित्वकी कमान नारीके हाथमें होनेके बावजूद कमांड किसी पारिवारिक अन्य पुरुषकी ही चलती हैं। विचारणीय है, जब नारीकी कार्यक्षमता एवं सोचपर दबाव बनाकर उसे महज एक कठपुतलीकी भांति प्रयुक्त किया जाय तो स्थितिमें सुधार आनेकी गुंजाइश ही कहां रह जाती है नारीकी प्रतिभाका सही उपयोग तो तभी हो सकता है, जब उसे साधिकार स्वनिर्णय लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाय। नारीके प्रति सामाजिक सोचका दायरा बढ़ाये बिना समानताकी कल्पना करना मात्र एक मृगमरीचिका है। दो आवश्यक शर्तोंके आवरण में प्रदत्त नारी शक्ति वंदन कानूनके लागू होनेकी राह भी भला कहाँ इतनी सरल है। दीर्घकाल से लंबित जनगणना पूर्ण होने एवं संविधानके अनुच्छेद 82 के तहत परिसीमनय दोनों ही मुद्दोंको लेकर कई विवाद हैं। इंडिया गठबंधन द्वारा जातिगत गणना की मांगके रूपमें एक अन्य अवरोधक उठ खड़ा हुआ है। फिलहाल यह आरक्षण विधेयक नारी प्रतिनिधित्वको समताके अंतिम सोपानतक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा अथवा अन्य कई कानूनोंकी भांति मात्र एक चुनावी जुमला भर बनकर रह जायगा, यह देखना बाकी है।

हमास का मकसद क्या इजरायल आर पार की मूड में

आतंकी हमले को अंजाम देनेके हमासने कहा है कि उसका जो मकसद आ था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविरामपर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन प्रश्न है इसरायल इस हमलेपर कैसे शांत रहेगा। उसके यहां हुए महाविनाश एवं व्यापक जनहानिके बाद उसके लिए कथित युद्धविराम प्रस्तावका कोई अर्थ नहीं है। इसरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहूने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमासने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। दुश्मनोंने अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उन्हें इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी। आज दुनियासे आतंकवादको खत्म करना प्रमुख प्राथमिकता है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदीने कहा कि भारत आतंकवादके खिलाफ इस लड़ाई में इसरायलके साथ है। भारत युद्धका अंधेरा नहीं, शांतिका उजाला चाहता है, लेकिन कोई जबरन हिंसा एवं आतंकको पनपाता है तो उसे नियंत्रित करनेके लिए उचित कदम उठानेकी होंगे। हमासके सरगना मोहम्मद डेफने इस हमलेको महान क्रांतिका दिन बताते हुए कहा कि हमने इसरायलके

विरुद्ध नया सैन्य मिशन शुरू किया है। बस अब बहुत हो गया। अब हम और बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसपर गुस्साये इसरायलने भी आधिकारिक तौरपर हमासके विरुद्ध युद्धका ऐलान करके इसे आपरेशन आयरन स्वोर्ड्स नाम दिया है तथा गाजापट्टीके इलाकेमें १७ ठिकानोंपर इसरायल वायु सेनाके लड़ाकू जैट विमानों द्वारा ताबड़तोड़ हमले किये जा रहे हैं। जहां तक इसरायलकी जवाबी काररवाईका सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंगका दूसरा राउंड शायद पहलेसे ज्यादा भीषण एवं महाविनाशक होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरहसे अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलोंका निशाना बनेगी। गाजापट्टी में हमासका प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां २३ लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमासकी गतिविधियों और योजनाओंसे अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्यामें इसरायली काररवाईके शिकार होंगे, मानवाधिकारका सवाल उतने बड़े रूपमें उभरेगा और फलस्तीनियोंके लिए तथाकथित सहानुभूति भी जुट सकती है।

विश्व शांति, अमन एवं अहिंसक समाज रचना दुनियाकी जरूरत है, लेकिन हमास जैसी आतंकी सोच इसकी सबसे बड़ी बाधा है, इसलिए हमासकी जितनी निन्दा की जाये कम है। जिस संघटनको बंदूक छोड़कर गाजा पट्टीके विकास में लगना चाहिए, वह संघटन धर्म-अधर्मके रास्ते ताकत सिर्फ इसलिए जुटाता है,

ताकि इसरायलके शरीरपर पहले से कहीं गहरा छुरा धंसा सके, मर्माहत आघात कर सके। मोसाद बनाम हमासकी लड़ाई मानो एक व्यवसाय बन गयी है, विकृत एवं हिंसक मानसिकताका स्थायी घर बन चुकी है। दोनों देशोंकी सत्ताएं आखिर शांति एवं अमनका सबक क्यों नहीं लेती। स्वयं अपने देशमें स्थायी शांतिके प्रति गम्भीर क्यों नहीं होती है। आज उन्हें स्थायी शांतिके उपायोंपर जोर देना चाहिए, दुनियाको ऐसे देशोंकी जरूरत है, जो आतंकमुक्तिको सही दिशामें प्रेरित करें, ताकि पश्चिम एशिया के खूनी दलदलको हमेशा के लिए पाटा जा सके।

अभी लेबनानकी तरफसे हिजबुल्लाके कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहनेकी इच्छा जतानेतक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियोंके हकमें शांति कायम करनेकी कोशिशकी बात कही है। यदि बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूपसे हमासके लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे। दुनियाको लगातार युद्ध, आतंक, अशांति, हिंसाकी ओर धकेलनेवालोंसे सवाल पूछना ही होगा कि युद्ध एवं आतंक से हासिल क्या होगा । सबसे पहले धर्मगुरुओंसे और उसके बाद राजनीतिक आकाओंसे यह समझना होगा कि ऐसी युद्ध एवं आतंककी मानसिकतासे किसका भला हो रहा है। निर्दोषोंकी हत्याएं भला कैसे जायज हैं। यदि ऐसी हत्याएं जायज हैं तो फिर मजहबोंके मानवीय एवं शांतिप्रिय होनेका बखान बंद होना चाहिए। बुरा आदमी और बुरा हो जाता है जब वह साधु बननेका स्वांग रचता है। दुनियामें छोटी-छोटी बातोंपर लोगोंके दिल आहत हो जाते हैं, परन्तु हजारों निर्दोष एवं मासूक बच्चों एवं महिलाओंकी मौतसे कौन आहत हुआ है। कहां है मानवता । कहां है विश्वशांतिका स्वप्न । निश्चित ही हिंसाकी धरतीपर शांतिकी पौध नहीं उगायी जा सकती।

लगभग सत्तर सालसे फिलीस्तीनके नामपर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है। क्या इन इलाकोंमें दुश्मनियोंको इनसानी रंगोंमें पाला जाता है, ताकि मौका आनेपर खून बहाया जा सके। क्या ऐसे इलाकोंमें युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इनसानियतको शर्मसार कर सकें। कोई ऐसे दाग-धब्बों के साथ अपने देशका इतिहास लिखता है क्या। बड़ा प्रश्न है कि इस व्यापक हिंसा एवं आतंकको रोकनेवाला कौन होगा। कोई आतंकी हमासके साथ दिख रहा है तो कोई इसरायलके लिए लुट - मिट जानेको बेताब है। बात हर तरफ विनाशकी है। युद्ध एवं आतंक करनेवाले और उनको प्रोत्साहन देने किसीको भी आजतक ऐसा कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन नहीं मिला, जो उसे गौरवान्वित कर सका हो। जबतक आतंक एवं युद्धकी मानसिकतावाले राष्ट्रोंके अहंकारका विसर्जन नहीं होता तबतक युद्धकी संभावनाएं मैदानोंमें, समुद्रोंमें, आकाशमें भले ही बन्द हो जाये, दिमागोंमें बन्द नहीं होती। इसलिए आवश्यकता इस बातकी भी है कि कि जंग अब विश्वमें नहीं, हथियारोंमें लगे, आतंक एवं हिंसक मानसिकतापर लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्रके बलपर नहीं, भावना, विकास और प्रेमके बलपर जीये और जीते ।

इस हिंसक, आतंकी एवं युद्धके दौरका दुखद पहलू है कि पुतिनका नया रूस भी यूक्रेनको निशाना बनाते हुए बच्चों एवं महिलाओंको नहीं बख्शता है। जहां अपने और पड़ोसीके कल्याणकी चिंता होनी चाहिए थी, वहां केवल बदलेकी भावना हावी है। बर्बरता, क्रूरता, उन्माद एवं जघन्यता बढ़ती जा रही है। इसरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहूने उग्रवादी समूहको मलबे में फेंक देनेकी कसम खाईं है। निर्ममता एवं बर्बरताकी पराकाष्ठा कर रहे आतंकियोंकी जगह मलबेमें ही है, परन्तु उन मासूम बच्चों, औरतों और आदमियोंका क्या दोष, जो कहीं से भी आतंकी नहीं हैं, परन्तु निशाना बन रहे हैं। क्या मानव सभ्यतामें आंतकवादके खिलाफ कोई भी लड़ाई दोषी और निर्दोषके बीच भेद किये बिना सफल हो सकती है। यह दुनियाकी एक बड़ी आबादीको हर समय विनाशकी संभावनाओंपर कायम रखने जैसा है। ऐसे युद्धका होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रोंको सदियोंतक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानिके अतिरिक्त मानवताके अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनता है। युद्ध एवं विनाशकी सघन होती स्थितियोंके बीच उल्लेखनीय है कि इसरायलने १९७० में इराक द्वारा फ्रांससे खरीदे परमाणु प्लांटपर १ मिनट २० सैकेंडमें १६ बम गिराकर परमाणु प्लांट नष्ट करनेमें सफलता पायी थी। कहना मुश्किल है कि इस घटनाक्रमका अंजाम क्या होगा, फिलहाल यही कहा जा सकता है कि जितनी जल्दी यह विवाद सुलझ सके उतना ही दुनियाके लिए अच्छा होगा। पहले ही विश्व शांति खतरेमें पड़ी हुई है, अब हमास एवं इसरायल युद्धने यह खतरा और बढ़ा दिया है तथा अतीतमें हो चुके दो विश्वयुद्धों के बाद तीसरे विश्व युद्धकी आहट तेजीसे सुनाई दे रही है । युद्धविरामके साथ अभय का वातावरण, शुभकी कामना और मंगलका फैलाव जरूरी है। मनुष्यके भयभीत मनको युद्धकी विभीषिकासे मुक्ति देनी होगी, स्वयं अभय बनकर विश्वको निर्भय बनाना होगा । इसीसे किसी एक देश या दूसरे देशकी जीत नहीं, बल्कि समूची मानवजातिकी जीत होगी।

बड़ा अपराध,छोटी सजा आखिर क्यों

उत्तर प्रदेशके चर्चित कारतूस घोटालेके २४ दोषियोंको शुक्रवारको अदालतने दस-दस सालकी कैदकी सजा दी, जिसमें सीआरपीएफ, यूपी पुलिस और पीएसीके २० जवानों समेत चार अन्य लोग शामिल हैं। यह एक विलम्बित न्याय है जिसका फैसला आनेमें १३ सालका लम्बा समय गुजर गया, जो न्यायके औचित्यपर सवाल खड़ा करता है। साथ ही अपराधकी गम्भीरता देखते हुए दस-दस साल कैद और दस-दस हजार रुपया जुर्मानेकी सजा बहुत ही कम है। इन्हें तो कड़ीसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए जिससे सुरक्षा बलके जवानोंको सबक मिले। इस चर्चित घोटालेका पर्दाफाश उस समय हुआ जब एसटीएफ लखनऊकी टीमने २९ अप्रैल, २०१० को घोटालेके मुख्य आरोपी पीएसीके एक सेवानिवृत्त दारोगा और सीआरपीएफके दो जवानोंको पकड़ा। इनके कब्जे से १.७६ लाख रुपये और ढाई कुन्तल खोखा कारतूस, मैगजीन समेत हथियारोंके पुर्जे बरामद किये गये थे। दरअसल सरकारी खजानेसे कारतूसोंकी चोरीका खेल लम्बे समयसे चल रहा था लेकिन इसका खुलासा छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ामें नक्सलियोंके सीआरपीएफके जवानोंपर हमलेके बाद हुआ, जिसमें ७६ जवान शहीद हुए थे। जांचमें यह बात सामने आयी कि हमलेमें इस्तेमाल किये गये कारतूस सरकारी हैं। अनुशासित बलमें काम करनेवाले जवानोंका आर्मरीसे चोरी कर विध्वंसक तत्वोंको कारतूसकी आपूर्ति करना गम्भीर चिन्ताका विषय है। इन गुनहगारोंका कुकृत्य इनकी विश्वसनीयतापर आघात है। इनसे इस तरहके आचरणकी अपेक्षा नहीं की जा सकती । कमोबेश इसके लिए विभाग भी जिम्मेदार है जिसकी कर्तव्यनिष्ठापर सवाल उठना स्वाभाविक है। आर्मरीमें रखे गये हथियार, जिन्दा कारतूस और खोखेकी समय-समयपर गहन समीक्षा की जानी चाहिए तभी इस तरहके अप्रत्याशित घिनौने खेलको रोका जा सकता है।

इसराइल हमास युद्ध, पक्ष विपक्ष में बट रही विचारधारा

शनिवार तड़के जब हमास ने इजरायल पर हमला किया तब इसके कुछ घंटों बाद ही प्रधानमंत्री मोदी ने हमास के हमले को आतंकी हमला करार देते हुए कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में भारत इजरायल के साथ खड़ा है. मंगलवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी से फोन पर बात की. इस बातचीत में पीएम मोदी ने एक बार फिर से दोहराया कि भारत इजरायल के साथ है और आतंकवाद के हर रूप की घोर निंदा करता है. मध्य-पूर्व के इस्लामिक देश फिलिस्तीन के साथ मजबूती से खड़े दिखते हैं और वो फिलिस्तीनियों के लिए अलग राष्ट्र की मांग करते रहे हैं. हालांकि, यूएई, बहरीन, मोरक्को जैसे कुछ इस्लामिक देशों का रुख अब इजरायल को लेकर बदल रहा है. यूएई, बहरीन ने तो हमले के लिए हमास की निंदा भी की है. भारत में भी इस मामले पर सियासी चर्चा तेज हो गई है क्योंकि भारत परंपरागत रूप से फिलीस्तीन का समर्थन करता आ रहा है लेकिन मोदी सरकार खुलकर इजरायल के साथ खड़ी दिख रही है. वही मोदी सरकार की सवैया से ज्यादातर विपक्षी पार्टियों नाखुश है हालांकि विपक्षी पार्टियों के इस नकुशी को विशेष समुदाय के वोट बैंक को अपनी तरफ आकर्षित करने के रूप में देखा जा रहा है लेकिन वही ज्यादातर भारतीय इजराइल का समर्थन कर रहे हैं गैर देश की जमीन पर सीधी जंग में भारत भूमि के विचार भी दो टुकड़ों में बढ़ते नजर आ रहे हैं । वहीं भारत-पाकिस्तान के मैच के दौरान भी यह भावना प्रबल तौर पर दिखी जिसमें जीत के बाद भारतीय दर्शकों में से कुछ लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाए तो वही इसराइल के राजदूत ने भारत की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान इस मैच को जितना हुआ इस जीत को हम आज के आतंकवादियों को समर्पित कर देता।

फलस्तीनी बन रहे ढाल

गाजा, पट्टी। शनिवार तड़के सुबह इसराइल की ओर से ग़ज़ा पर ताबड़तोड़ हमला किया गया. इस बीच इसराइली सेना ने उत्तरी ग़ज़ा में रह रहे आम लोगों को इलाक़ा खाली करने को कहा है,हालांकि ज़मीनी हमलों के ऐलान के बाद शुक्रवार से ही हज़ारों लोगों ने ग़ज़ा के दक्षिणी इलाकों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया था. लेकिन आम लोगों के लिए ये इतना आसान नहीं है. अपने बसे-बसाए घर को छोड़कर जाना बहुत मुश्किल है. ग़ज़ा के आम लोगों का कहना है कि उनके लिए कोई जगह सुरक्षित नहीं है। रविवार को भी इज़रायल ने लोगों को गाजा शहर खाली करने का कुछ और वक्त दिया वहीं फिलस्तीन , समर्थित आतंकवादी संगठन हमास ने शहेर से सुरक्षित स्थान की तलाश में भाग रहे लोगों को हमास ने रोकना शुरू कर दिया है वह किसी भी सूरत में लोगों से गाजा छोड़ने को नहीं कह रहा क्योंकि हमास अच्छी तरीके से जानता है ।

प्रकृति ने दिया जम्मू कश्मीर में बर्फ की सौगात बने पर्यटक बढ़ने के आसार

जम्मू / श्रीनगर । हिंदुस्तान में पर्यटन की दृष्टि से सबसे पसंदीदा स्थान में गिने जाने वाले कश्मीर में एक लंबे सूखे के बाद कश्मीर को मौसम ने सौगात दी है। बर्फ की शुरूआत के साथ ही कश्मीर टूरिस्टों को पुकारने लगा है । पर्यटकों का मन भी मचलने लगा है कश्मीर की वादियों में अपने आपको खो देने का । तभी तो कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण पर्यटकों द्वारा बुकिंग के लिए पूछताछ में तेजी आई है। इस सप्ताह की शुरूआत में कश्मीर में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी दर्ज की गईए जबकि मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में पहाड़ी इलाकों में और बर्फबारी की भी भविष्यवाणी की है।

एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद के बकौल भारत के विभिन्न राज्यों के पर्यटकों ने कश्मीर के लिए टूर पैकेज के बारे में पूछताछ करना शुरू कर दिया हैए जो शरद ऋतु के दौरान लाल और सफेद रंगों का मिश्रण प्रस्तुत करता है। उमर का कहना था कि सर्दी कश्मीर में पर्यटन के लिए चरम मौसमों में से एक है।

हमपहले से ही दुर्गा पूजा की छुट्टियों के कारण बुकिंग की संख्या में अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं पहलगाम में भी टूरिस्ट पहुंचने शुरू हो गए हैं पहलगाम में अभी मौसम अनुकूल है कुछ दिनों से पहलगाम में जहां अमरनाथ यात्रा के यात्रियों की भारी संख्या रही वहीं अब पहलगाम के बाजार और यहां के पर्यटन से जुड़े अन्य व्यक्ति व संस्थाएं होटल आदि बर्फबारी के इंतजार में बैठी हुई थी फिलहाल पहलगाम में भी यह मौसम की शुरुआत हो चुकी है और स्थानीय बाजार और होटल सुसज्जित किया जा रहे हैं। ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई बर्फबारी ने इसे और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि गोंडोला केबल कार के लिए पूछताछ बहुत आम हैए खासकर ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी के बाद । उमर अहमद कहते थे कि पर्यटकों को कश्मीर में बर्फ देखना बहुत पसंद है । गोंडोला केबल कार के दूसरे चरण में भी थोड़ी बर्फबारी दर्ज की गई और पर्यटक अक्सर पूछते थे कि क्या वे स्टेशन पर बर्फबारी देख सकते हैं। ट्रैवल एजेंटों का यह भी कहना है कि इस साल विंटर सीजन के लिए भी काफी संख्या में इंक्वायरी आ रही हैं। एक टूर आपरेटर ऐजाज अहमद डार के मुताबिकए पिछले कुछ हफ्तों से हवाई किराया आसमान छू रहा है। जो पर्यटक सर्दियों के दौरान घाटी की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं वे पहले से ही अपनी यात्रा बुक कर लेते हैं। धरती के जन्नत को देखने के लिए लोगों में खासा उत्साह होता है अब वही माहौल भी यहां का कुछ शांति प्रिया लग रहा जिससे पर्यटकों के आवागमन की संख्या बढ़ाने की पूरी उम्मीद की जा रही है।

आज का इतिहास

1905 में बंगाल का विभाजनसही मायनों में इसने ही देश में राष्ट्रवाद के बीज बोए। मुसलमानों और हिंदुओं को बांटने के लिए अंग्रेजों ने बंगाल के मुस्लिम-बहुल क्षेत्र को मिलाकर नया प्रांत बनाया। 16 अक्टूबर 1905 से यह बंटवारा लागू हुआ।

688 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-सीएम योगी

औरैया : सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित कर 688 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण। सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने सीएम योगी को बुके भेट कर छुए पैर। सीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 100 बर्ष के बाद नया संसद बना।

संसद के पहले दिन ही आधी आबादी को सम्मान देने के लिए नारी शक्ति वंदन विल कराया पारित।मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में बहन बेटियों को सुरक्षा और आर्थिक स्वभालंबन के लिए किया जा रहा प्रशस्त।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी जन्म लेगी तो रजिस्ट्रेशन के साथ पैसा, बच्चों की पढ़ाई के लिए यूनिफॉर्म के लिए 1200 रुपया मिलेगा। औरैया में मेडिकल कॉलेज के साथ विकाश के कार्य बढ़ रहे आगे।शासन की लोक कल्याणकारी योजना, मकान मिलना, उज्ज्वला कनेक्शन, हर घर नल योजना, स्वास्थ बीमा बिना भेद भाव के पहुंचाने का किया जा रहा कार्य।सीएम ने कहा कि सरकार ने दंगा मुक्त प्रदेश की स्थापना कर त्यौहार साथ मनाए गए।एसपी औरैया चारू निगम सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को लेकर खुद माइक लेकर दिशा निर्देश देते आई नजर।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

औरैया: मिल सके, इसके लिए सभी संबंधित पात्रों का ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें जिससे विवाह कार्यक्रम की तिथि निर्धारित करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जा सके।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपरोक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/ नगर पंचायत अपने-अपने क्षेत्र में योजना के संबंध में आमजन को अवगत कराये और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए उसका सत्यापन भी सुनिश्चित करें जिससे लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी योजना है जिसके माध्यम से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी सरकार अपनी तरफ से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करके धूमधाम से करती हैं। इसके लिए अभिभावक का आय प्रमाण पत्र आवश्यक है जिसमें कन्या का अभिभावक मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी हो, वार्षिक आय अधिकतम 200000 हो, आयु की पुष्टि के लिए स्कूल, शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड एवं आधार कार्ड मान्य होंगे। आवेदन ऑनलाइन किए जाने के साथ ही आवश्यक प्रपत्रों की हार्ड कॉपी भी जमा करनी होगी। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराये जिससे पात्र जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिल सके बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अखिलेश कुमार, उप जिलाधिकारी बिधूना निशांत तिवारी, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण दुबे, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, जिला विकास अधिकारी करूणापति मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी इन्द्रा सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका /नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड का आयोजन

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर औरैया पुलिस द्वारा 05 किमी0 की "रन फॉर यूनिटी"/एकता दौड़ का आयोजन किया गया, दौड़ का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक औरैया द्वारा पुलिस लाइन औरैया से हरी झण्डी दिखाकर किया गया जो नगर के सुभाष चौक से होती हुई जेसीज चौराहा- मंगलाकाली चौराहा- देवकली चौराहा-सुभाष चौक से गुजरती हुई गौरैया तालाब पर जाकर समाप्त हुई। एकता दौड़ में पुलिस अधीक्षक महोदया,क्षेत्राधिकारी लाइन/यातायात के साथ जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक औरैया, अपर पुलिस अधीक्षक औरैया,क्षेत्राधिकारी सदर,बेसिक शिक्षा अधिकारी औरैया व जिला विद्यालय निरीक्षक औरैया,पत्रकार साथी, पैराएथलीट समेत जनपदीय पुलिस के अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।

अजगर निकलने से मचा हड़कंप मौके पर पहुंची वन विभाग टीम

इटावा बीलमपुर गांव अजगर निकलने से मचा हड़कंप बीलमपुर के जाबांज नवयुवकों ने कड़ी मसक्कत के बाद पकड़कर बोरी में बंद कर वन विभाग की टीम को सौंपा ग्रामीणों ने राहत की सांस ली ग्रामीणों ने एक और क्षेत्र में अजगर होने का अंदेशा जताया अगर दूसरा अजगर हुआ तो जल्द ही दूसरे अजगर का रेस्क्यू किया जाएगा कई दिनों से क्षेत्र में अजगर देखा जा रहा था जो क्षेत्र में दहशत का माहौल था आज पकड़े गए अजगर की लंबाई लगभग 10 फुट बताई जा रही है वन विभाग टीम ने अजगर को लेकर गयी.

भरथना स्कूली वैन बंबे में पलटी

इटावा भरथना स्कूली बैन पलटने से कुल 5 स्कूली बच्चे हुए घायल, एक गंभीर हालात में जिला अस्पताल रेफर बच्चों के मुताबिक ड्राइवर फ़ोन चला रहा था तभी अनियंत्रित होकर स्कूली वैन पलट गई भरथना के आदर्श पब्लिक स्कूल की बैन हादसे का शिकार हो गई बच्चों के मुताबिक हादसे के समय स्कूली बैन में सवार थे 15 बच्चे..घायल बच्चों को भरथना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राइवेट अस्पताल में कराया गया भर्ती..पुलिस ने घायल बच्चों से पुछताछ कर जांच पड़ताल की शुरु कर दी है एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षणभरथना क्षेत्र में पाली खुर्द के बरूआ भट्टे के पास हुआ है हादसा बाल बाल बची स्कूली बच्चों की जान वेन चालक की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो सकता था

शासन के निर्देशन में प्रतिवर्ष की भांति यातायात माह का शुभारंभ

औरैयाः जिलाधिकारी औरैया नेहा प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर यातायात माह का किया शुभारंभ। जिलाधिकारी ने बताया जनपद में लोगों को जागरूक करने के लिए यातायात माह का शुभारंभ किया गया है।यातायात माह में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे जनता को जागरूक किया जा सके।जिलाधिकारी ने अपील करते हुए लोगों से यातायात नियमों के पालन करने की बात कही।जिलाधिकारी ने कहा पुलिस , पीडब्ल्यूडी,स्वास्थ्य विभाग, आदि मिलकर लोगों के सफर में सहयोग प्रदान करते हैं, लोग जागरुक हो हेलमेट ,सीट बेल्ट लगाकर ही चलें और यातायात नियमों का पालन करें जिससे जीवन सुरक्षित रह सके आपका जीवन अमूल्य है। पुलिस अधीक्षक ने कहा हम सबको मिलकर यातायात माह को सफल बनाना है यातायात नियमों को पालन करते हुए जागरूक रहे और जागरूक करें बनवे रोड पर उल्टी साइड गाड़ी कतई न चलाए, पार्किंग में ही वाहन खड़ा करें, एक्सीडेंट रोकने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी यातायात प्रदीप कुमार, यातायात प्रभारी रवि श्रीवास्तव, सदर कोतवाली प्रभारी पंकज मिश्रा सहित पुलिस बल प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सौतेले चाचा की हत्या करने वाले मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

इटावाः भरथना दादी और सौतेले चाचा की हत्या करने बाले दो मुख्य अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार तथा हत्यारोपियों को शरण देने वाले 01 अन्य अभियुक्त सहित कुल 03 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार इनके कब्जे से मुठभेड में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा , 05 जिन्दा व 04 खोखा कारतूस किये गये बरामद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेत्तृव में सर्विलांस/एसओजी, थाना भरथना एवं थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही दिनांक 21.10.2023 को थाना भरथना पर डीसीआर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि थाना भरथना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढुलबजा में पारिवारिक जमीनी विवाद को लेकर अमित कुमार पुत्र कामताप्रसाद उम्र 34 वर्ष, रामपूर्ती (अमित की माँ) उम्र 70 वर्ष की हत्या उनके भतीजे सत्यवीर सिंह, आशू, प्रांशू पुत्रगण अरविन्द कुमार तथा सीमा पत्नी अरविन्द कुमार द्वारा सूचना दी गयी थी मौके पर पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर, जिलाधिकारी इटावा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध इटावा एवं क्षेत्राधिकारी भरथना द्वारा जोनल/ जनपदीय फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा थाना भरथना पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम आदि की कार्यवाही करायी गयी वादिनी रिंकी देवी पत्नी अमित कुमार(मृतक) निवासी ग्राम ढुलबजा थाना भरथना जनपद इटावा की लिखित तहरीर के आधार पर थाना भरथना पर मु0अ0सं0 297/23 धारा 147/148/149/302 भादवि बनाम सत्यवीर सिंह , प्रांशू, आशू पुत्रगण अरविन्द कुमार, सीमा पत्नी अरविन्द कुमार निवासीगण ग्राम उदयपुरा थाना ऊसराहार जनपद इटावा व 03 अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए गठित पुलिस टीमों द्वारा दिनांक 23.10.2023 को अभियुक्त योगेन्द्र कुमार एवं दिनांक 25.10.2023 को सीमा देवी पत्नी अरविन्द कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हत्या की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन में दिनांक 26.10.2023 की रात्रि को एसओजी/सर्विलांस एवं थाना भरथना पुलिस टीम थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम ढुलबजा में जिन व्यक्तियों द्वारा माँ-बेटे की हत्या की गयी थी वह तुरैया पुल से उमरसेड़ा पुल की ओर अपाचे मोटर साइकिल से आ रहे हैं, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीमों द्वारा थाना ऊसराहार पुलिस टीम को मौके पर पहुंचने हेतु अवगत कराया गया पुलिस टीमों द्वारा मौके पर पहुंचकर मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया जिसमें एक गोली सरकारी जीप तथा दूसरी गोली प्रभारी निरीक्षक थाना भरथना के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबावी फायरिंग की गयी जिसमें एक गोली अभियुक्त सत्यवीर के दाहिने पैर में लगने के उपरान्त तथा उसके भाई अरूण उर्फ आशू को आवश्यक बल प्रयोग करते हुये उमरसेड़ा पुल के पास से समय 21.00 बजे गिरफ्तार किया गया पकडे गये अभियुक्तों की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से फायरिंग में प्रयुक्त 02 अवैध तमन्चे 315 बोर, 05 जिन्दा व 04 खोखा कारतूस बरामद किये गये पुलिस टीम द्वारा भागने का कारण पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 21.10.2023 को ग्राम ढुलबजा में हमने अपनी दादी एवं चाचा की हत्या कर दी थी हत्या करने के बाद हम लोग संजीव उर्फ संजू पुत्र भूरे सिंह के घर में रह रहे थे तथा जिस असलहा से हत्या की थी वे भी उसी के घर में छिपाये थे मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त संजीव उर्फ संजू पुत्र भूरे सिंह को भोली चौराहा से समय 10.25 अन्तर्गत धारा 216 भादवि गिरफ्तार किया गया है उक्त पुलिस मुठभेड, गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना भरथना मुठभेड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के सीज किया गया है गिरफ्तार 01.सत्यवीर सिंह पुत्र अरविन्द कुमार निवासी ग्राम उदयपुरा थाना ऊसराहार जनपद इटावा उम्र 25 वर्ष 02.अरूण कुमार उर्फ आशू यादव उर्फ अमन पुत्र अरविन्द कुमार निवासी ग्राम उदयपुरा थाना ऊसराहार जनपद इटावा उम्र 20 वर्ष 03.संजीव उर्फ संजू पुत्र भूरे सिंह निवासी ग्राम उदयपुर कला थाना उसराहार जनपद इटावा उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया

अग्रवाल महिला संगठन ने दीवाली मेले का आयोजन किया

इटावा अग्रवाल महिला संगठन ने दीपावली मेले का आयोजन ध्रुव वाटिका में किया इस मेले में चटपटी चाट के साथ भेलपुरी , डोसा,ढोकला, मोमोज,दही बडे, पानी-पुखरी,आदि खाने पीने के स्टाल महिलाओ ने लगाये कॉस्मेटिक के स्टाल पर महिलाओ की भारी भीड देखने को मिली हाथ का बना सजावटी सामान , जिसमें बंदनवार,दिये के अतिरिक्त दीपावली के शुभ लाभ लोगों महिलाओं को पसंद आये और जमकर खरीदारी की गयी बच्चों और महिलाओं के मनोरंजन के लिए गेम के स्टाल लगाये गये ,जिसमें महिलाओ ने बढ चढ कर हिस्सा लिया सूट साड़ी के साथ घरेलू सामान जैसे पायदान, कुशन आदि की खरीदारी महिलाओ ने त्योहार के अवसर पर खूब की अग्रवाल महिला संगठन की अध्यक्ष शिखा मित्तल एवं मंत्री संगीता बंसल , कोषाध्यक्ष अंजू अग्रवाल और कार्यकारिणी सदस्यों के अथक परिश्रम से सफल आयोजन संपन्न हुआ संगीता मित्तल ने कहा इस प्रकार के मेले लगाने का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है उनकी हाथ की बनी वस्तुओं अधिक लोगों तक पहुचें साथ ही तनाव भरी जिंदगी में मिलकर कुछ तनाव कम करना और हर्ष उल्लास के साथ जीवन व्यतीत करें

डेंगू बुखार से छात्रा की मौत

अजीतमल। कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अत्येन्द्र पांडेय उर्फ विमल पांडेय एडवोकेट की 15 वर्षीय पुत्री वसू जो कक्षा 11 की छात्रा थी। जिसका डेंगू बुखार आने के चलते कानपुर के अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार को कानपुर में उसकी मौत हो गई। डेंगू के प्रकोप को देखते हुए कस्बा के लोगों में दहशत है।

सैफई मेडिकल कॉलेज से बच्चे का अपहरण कर तस्करी

इटावाः सैंफई बच्चों का अपहरण करने बाली महिला सहित पुलिस ने दो को दबोचा आरोपियों के कब्जे से अपहरण किया गया 20 दिन का नवजात शिशु किया गया बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/ सर्विलांस टीम एवं थाना सैफई पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही जनपद औरैया निवासी वादी रामप्रताप पुत्र बैचेलाल द्वारा थाना सैफई पर सूचना दी गयी कि जब उनकी पत्नी सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती थी तो उसी दौरान वादी की बहन की मित्रता 01 अज्ञात महिला से हो गयी जोकि तीन दिनो से उनके साथ रह रही थी उक्त महिला द्वारा मौका पाकर दिनांक 26.10.2023 को वादी के 20 दिन के बच्चे का अपहरण कर लिया गया सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना सैफई पर मु0अ0सं0 227/2023 धारा 363 भादवि पंजीकृत किया गया तथा बच्चे की बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा एसओजी/ सर्विलांस एवं थाना सैफई से पुलिस टीमों का गठन किया गया जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम तथा बच्चा चोरी/अपहरण की घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए थाना सैफई पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि सैफई मेडिकल कॉलेज से बच्चे का अपहरण करने वाले अभियुक्तगण टिमरुआ एक्प्रेस-वे पुल के नीचे कही जाने की फिराक में खडे है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीमों द्वारा एक्सप्रेस वे पुल के नीचे से 01 महिला तथा 01 पुरूष को अपहृत बच्चे सहित समय 12.45 बजे गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार महिला एवं पुरूष से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो महिला द्वारा बताया गया कि सैफई मेडिकल कॉलेज में उसने एक महिला से मित्रता कर ली थी दिनांक 26.10.2023 को जब वह महिला उक्त बच्चे को लेटाकर कपडे धुलने लगी तो हम लोगों द्वारा यह बच्चा उठाया था जिसको आज कही बेचने की फिराक में थे उक्त गिरफ्तारी एवं बरमादगी के संबध में थाना सैफई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 227/2023 धारा 363 भादवि में धारा 370 भादवि की बढोत्तरी की गयी है विमला देवी पत्नी हरिओम निवासी बिहारीपुर थाना भरथना जनपद इटावा उम्र 34 वर्ष 2.दयाशंकर पुत्र छोटेलाल निवासी-कुदरकोट थाना बिधूना जनपद औरैया उम्र 34 वर्ष सैफई जनपद इटावा सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 10,000/- रुपये से पुरस्कृत किया गया है

मिशन शक्ति के तहत चला एन्टी रोमियो अभियान

औरैया : पुलिस अधीक्षक महोदया औरैया श्रीमती चारू निगम के निर्देशानुसार आज जनपद के समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों व स्कूल/कॉलेजों के आस-पास चेकिंग की गई। इस अवसर पर बिना कारण घूमने वाले लड़कों/शोहदों की चेकिंग की गयी साथ ही साथ टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कालेजों में महिला/छात्राओं से उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध मे साइबर अपराधों से बचने व सोशल मीडिया का प्रयोग करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा छात्राओं को सशक्त व स्वावलंबन बनने व सशक्त करने हेतु महिला हेल्पलाइन नं.-1090,181,112, महिला अपराध की जानकारी देकर तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा अपील की गई। इस दौरान मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अजीतमल द्वारा थाना अजीतमल की एंटी रोमियो टीम के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के बाहर घूम रहे अराजक तत्वों की चेकिंग की गयी।

करवाचौथ पर दो करोड़ रुपये का हुआ कारोबार

औरैया। पति की दीघार्यु के लिए महिलाओं ने बुधवार को व्रत रखकर अपने पति के लिए लंबी आयु की कामना की। वहीं सुहागिनों ने मंगलवार देर रात तक खरीदारी की। ज्वैलरी से लेकर कपड़ों की दुकान और ब्यूटी पार्लरों में मेहंदी लगवाने की होड़ लगी रही। इस बीच पति भी पत्नियों के लिए गिफ्ट खरीदने में व्यस्त रहे। वहीं करोड़ों रुपये का कारोबार होने से व्यापारी भी खुश नजर आए। करवाचौथ को लेकर पिछले तीन दिनों जबरदस्त खरीदारी हुई है। सर्राफा बाजार में काफी रौनक रही। सराफ बाजार में सर्वाधिक पायल और बिछिया की मांग रही। ब्यूटी पार्लर भी तीन दिनों से फुल चल रहे थे। ज्यादातर ब्यूटी पार्लरों के बाहर अलग से बैठने की व्यवस्था कर देर रात तक मेहंदी लगाई गई। बुधवार को पतियों ने अपनी पत्नियों को स्कूटी से लेकर अन्य गिफ्ट भेंट किए हैं। ऐसे में करीब दो करोड़ का कारोबार होने से व्यापारी काफी खुश नजर आए।

मानव जीवन में जहर घोल रही है पॉलिथीन-जलीय प्रजातियों के लिए बढ़ रहा संकट

औरैया 08 अक्टूबर 23-एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा स्वच्छता अभियान व यमुना तट के सौंदर्यीकरण हेतु अंत्येष्टि स्थलों पर विगत 9 वर्षों से अनवरत सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं, 157 वें चरण के अंतर्गत आज दिनांक 8 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को प्रातः 7 बजे समिति के सदस्यों ने यमुना तट पहुंचकर सफाई यंत्रों के सहयोग से अंत्येष्टि स्थलों की साफ सफाई की उसके उपरांत पर्यावरण प्रदूषण व जल संरक्षण के अंतर्गत यमुना तट को पॉलिथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु अभियान चलाया जिसके अंतर्गत समिति के सदस्यों ने यमुना तट के विशाल परिसर में पानी, पान मसाला गुटखा की खाली पाउच, पॉलिथीन, पानी की खाली प्लास्टिक की बोतलों को एकत्रित करके नष्ट किया गया उसके उपरांत यमुना तट पर स्थित राम झरोखा में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण, मानव जीवन व जलीय प्रजातियों के लिए विकराल समस्या बनती जा रही है, योग प्रशिक्षक देवेंद्र आर्य ने कहा कि खाने पीने की सामग्री में पॉलिथीन का उपयोग करने से हानिकारक केमिकल की मात्रा शरीर में पहुंचने से लोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है, बैंक से सेवानिवृत तेज बहादुर वर्मा ने कहा कि प्लास्टिक के गिलास व पानी की बोतलों में पानी पीने से भी शरीर में तमाम ला इलाज विकार विकसित हो रहे हैं, इसलिए पॉलीथिन व प्लास्टिक का प्रयोग बहुत ही हानिकारक है, समाजसेवी रानू पोरवाल व मनीष पुरवार हीरु ने कहा कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए सरकार को पॉलिथीन के उत्पादन पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। समिति के संस्थापक ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित 157 सफाई अभियानों में लगभग 52 टन कचरा-अपशिष्ट यमुना नदी में जाने से रोका गया, प्लास्टिक से होने वाला प्रदूषण पर्यावरण को निरंतर गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, नदियों में विचरण कर रहे जलीय प्रजातियों के साथ-साथ मानव जीवन में पॉलिथीन निरंतर मीठा जहर घोल रही है, कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उद्घोष करते हुए कहा कि "हम सबका एक ही नारा, पॉलीथिन प्लास्टिक मुक्त हो यमुना तट हमारा" समिति के सदस्यों ने आम जनमानस से कपड़े के थैले का उपयोग करते हुए जानलेवा पॉलिथीन का प्रयोग न करने की अपील की।

अभियान व गोष्ठी में प्रमुख रूप से बैंक से सेवानिवृत अधिकारी शेखर गुप्ता, तेज बहादुर वर्मा, आदित्य पोरवाल, मोहित अग्रवाल, राजीव पोरवाल, दिनेश चंद्र शिवहरे, मनीष पुरवार, हिमांशु दुबे, देवेंद्र आर्य, आनन्द गुप्ता, जूनियर शाखा अनमोल के पूर्व अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, सतीश पोरवाल, अजय कुमार, रामप्रसाद, रज्जन बाल्मीक आदि यमुना मैया के सेवादार मौजूद रहे।

जातीय जनगणना बना, बिगाड़ सकती है राजनीतिक पार्टियों का गणित

यह सच है कि चुनावी राजनीतिमें जातियोंका महत्व सर्वाधिक है य और रहेगा। फिलहाल बिहारमें जातीय जनगणनाके परिणाम आये हैं और वे आंखें खोल देनेवाले हैं। ओबीसी यानी अन्य पिछड़ा वर्गकी भागीदारी राज्यकी कुल जनसंख्यामें सर्वाधिक है। एससी, एसटी और ओबीसीको यदि मिला दिया जाय तो इनका आंकड़ा राज्यकी कुल जनसंख्याका ८४ प्रतिशत हो जाता है। जाहिर है ज्यादातर राज्योंमें स्थिति ऐसी ही होगी क्योंकि तैंतीस साल पहले मंडल आयोगकी रिपोर्ट और उसके बाद समय - समयपर इस वर्गमें अन्य जातियोंको शामिल करनेके कारण इस समूहकी जनसंख्या वैसे भी सर्वाधिक हो गयी थी।

अब सवाल यह उठता है कि इस जातीय गणितके उभरनेके बाद उनका क्या होगा जो हिन्दुत्वके शेरकी सवारी कर रहे हैं। दरअसल शेरकी सवारी करना आसान होता है लेकिन उसकी पीठसे उतरना मुश्किल । क्योंकि उतरते ही शेर खा जाता है। यह सच है कि जातीय गणित लोगोंको सबसे ज्यादा भाता है इसलिए जिस भाजपाके पास हिन्दुत्वका कार्ड था उसके खिलाफ विपक्षको जातिवादका कार्ड मिल जाएगा। जैसे अंग्रेजोंने किया था। पहले उन्होंने अपना राज कायम करनेके लिए जातियों, सम्प्रदायों और समूहोंको टुकड़ों में बांटा और जब ये टुकड़े अलग-अलग होकर या उग्रतापर सवार होकर कुछ-कुछ या बहुत कुछ मांगने लगे तो अपना राज चलानेके लिएफिर इन्हीं टुकड़ोंको ठोक - पींटकर एक करनेमें पूरी ताकत लगा दी गयी थी । विपक्ष भी अब अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्गको एक करनेकी जुगतमें लग जायगा। कहा जायगा कि हिन्दुत्वका चक्कर छोड़िये अपनी जाति, अपने कुनबे और खुद अपने बारेमें सोचिये । भाजपाको कितनी दिक्कत आयगी, यह अभीसे तो नहीं कहा जा सकता लेकिन उसके पक्षमें यह तर्क जरूर है कि ये सभी जातियां आखिर हैं तो हिन्दुत्वका ही हिस्सा। इसलिए भाजपाका फोकस हिंदुत्व और जातिवाद दोनोंपर हो सकता है। संकेत यह है कि बिहारके जातीय आंकड़े सामने आते ही भाजपा भी कहने लगी है कि हमने

तो जातीय जनगणनाका कभी विरोध नहीं किया !मामला तब गरमायेगा जब विपक्ष कहेगा कि सम्पूर्ण जनसंख्या में जिसका जितना हिस्सा है, उसे उसी अनुपातमें आरक्षण दिया जाय। यदि यह हुआ और बात आगे बढ़ी तो मण्डल आयोगके बाद जिस तरह विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकारके समय झगड़े हुए थे, अब भी होंगे। इन झगड़ोंसे कैसे निबटा जायगा, यह भविष्य ही बतायेगा। हालांकि फिलहाल केवल बिहार राज्यमें ही जातीय जनगणना पूरी हो पायी है। उडीसा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु अभी कतार में हैं। बाकी राज्योंका हिसाब-किताब आना तो बाकी ही है। इतना तय है कि यह जातीय जनगणना भारतीय राजनीतिकी दशा और दिशा बदलकर रख देगी। हो सकता है कि जिस तरह अभी चुनाव से पहले लाड़ली बहनोंको मोबाइल और पैसे बांटे जा रहे हैं, उसीतरह तब ओबीसी या एससी/एसटी या अलग-अलग जातियोंको अलग-अलग सुविधाएं लुटायी जायं। जैसे- फलां जातिकी महिलाओंको गैस कनेक्शन और युवाओंको मोटर साइकल मुफ्तमें मिलेंगी या फलां जातिके लोगोंका बसमें आना-जाना मुफ्त रहेगा।

निश्चित ही देखना दिलचस्प होगा कि जातीय जनगणनासे निकले आंकड़े आखिर भारतीय राजनीतिमें क्या गुल खिलानेवाले हैं। हालांकि तमाम राजनीतिक पार्टियां अब भी चुनावी टिकटोंका बंटवारा तो जातीय गणित देखकर ही किया करती हैं। इसलिए उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं ही होगी। परेशान होंगे वे आम लोग, जिन्हें जातीय आधारसे न तो ज्यादा मतलब है और न ही वे इस बेकारके लफड़ेमें पड़ना ही चाहते हैं । आखिर वे बेचारे, जो न अनुसूचित जाति या जनजातिमें आते और न ही ओबीसीमें, उन्हें फिर कौन पूछेगा। तर्क आ सकता है कि अबतक तो आप ही राज कर रहे थे। हम पिछड़े ही सही, परन्तु जब पैदा हुए तो चेहरे तो हमारे भी बहुत नर्म और चमकदार हुआ करते थे लेकिन आपके वर्षोंके राजके कारण उनपर समयसे पहले झुर्रियां पड़ गयी हैं । खाली पेट रहे । मुलाजिमोंकी तरह सबकुछ सहा। अब पिछड़ोंका राज भी देख लीजिए ! हर्ज क्या है। फिलहाल अगले लोकसभा चुनावतक तो चीजें ज्यादा बदलनेवाली नहीं हैं, क्योंकि इतनी जल्दी न तो सभी राज्योंके जातीय गणित बाहर आनेवाले हैं और न ही ओबीसीवाला नारा जोर पकड़नेवाला है । 2024, के बाद चुनावमें जरूर यह जातीय जनगणना कमाल दिखा सकती है।

निठारी कांड/ सवाल और भी हैं ?

इलाहाबाद हाईकोर्टने नोएडाके चर्चित निठारी कांडके आरोपी कोली और नोएडा इ कोठी डीएस-4 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेरको भी बरी कर दिया है। यह न्याय अधूरा है । निठारी कांड तो हुआ है । चर्चित निठारी कांडमें निचली अदालतसे कोलीको एक दर्जन से अधिक मामलोंमें फांसीकी सजा सुनायी जा चुकी है। निठारी गांव कोठी डीएस-५ के मालिक मनिंदर सिंह पंढेरको दो केसमें फांसीकी सजा हो चुकी है। अब जबकि ये निचली अदालतसे फांसीकी सजा पाये ये दोनों आरोपी हाईकोर्ट ने बरी कर दिये तो व्यवस्थाको यह तो बताना ही होगा कि फिर इस कांडके आरोपी कौन हैं। किसने इस कांडकी १९ घटनाओंको अंजाम दिया। कांड तो हुआ ही है। ये दोनों आरोपी इसलिए बरी हो गये कि इनके विरुद्ध सुबूत नहीं थे। किन्तु पीड़ित परिवारको भी तो न्याय चाहिए। उनके परिवारकी युवतियों, बेटियों बच्चोंपर जुल्म करनेवाला, उनसे व्यभिचार कर उन्हें काटकर खानेवाला कोई तो होगा। किसीने तो ये कांड किया होगा। उसे कानूनकी जदमें लाकर सजा कौन दिलायेगा । ये निर्दोष थे तो फिर इनकी कोठीके पास नालेमें किसने मारकर इनको डाला।इस मामलेमें कई दिनोंतक चली बहसके बाद अदालतने सोमवारको हाईकोर्टने अपना फैसला सुनाया। कोर्टने सुरेंद्र कोलीको दोषमुक्त कर दिया। निचली अदालतने उसे फांसीकी सजा सुनायी थी। इसके खिलाफ उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोठी के मालिक मनिंदर सिंह पंढेरको भी कोर्टने बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवीकी अदालतने यह फैसला सुनाया। कोलीपर आरोप है कि वह पंढेर कोठीका केयरटेकर था और लड़कियोंको लालच देकर कोठीमें लाता था। निठारी गांवकी दर्जनों लड़कियों गायब हो गयीं। वह उनसे दुष्कर्म कर हत्या कर देता था। लाशके टुकड़े कर बाहर फेंक आता था । २९ दिसंबर २००६ को नोएडामें मोनिंदर सिंह पंढेर के घरके पीछे नालेसे १९ बच्चों और महिलाओंके कंकाल मिले। मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली गिरफ्तार किया। आठ फरवरी २००७ को कोली और पंढेरको १४ दिनकी सीबीआई हिरासत में भेजा गया। मई २००७ को सीबीआईने पंढेरको अपनी चार्जशीटमें अपहरण, दुष्कर्म और हत्याके मामलेमें आरोपमुक्त कर दिया

था। दो माह बाद अदालतकी फटकार के बाद सीबीआईने उसे मामलेमें सहअभियुक्त बनाया । १३ फरवरी २००९ को विशेष अदालतने पंढेर और कोलीको १५ वर्षीय किशोरीके अपहरण, दुष्कर्म और हत्याका दोषी करार देते हुए मौतकी सजा सुनायी। ये पहला फैसला था। इसके बाद ११ केसमें दोनों को सजा हुई। पुलिसने इस मामलेमें कहा था कि कमसे कम १९ युवा महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था, उनकी हत्या कर दी गयी थी और उनके शवोंके टुकड़े-टुकड़े कर दिये गये थे। पुलिसने उस समय कहा था कि ये हत्याएं पंढेरके घरके अन्दर हुई थीं, जहां कोली नौकरके तौरपर काम करते थे। पुलिसने आरोप लगाया कि जिन बच्चोंके अवशेष बैगमें छिपे हुए पाये गये थे, उन्हें कोलीने मिठाई और चॉकलेट देकर लालच देकर मार डाला था। पुलिसका कहना था कि जांचके दौरान कोलीने नरभक्षण और नेक्रोफिलिया (शवोंके साथ संबंध बनाने की बात कबूल की थी। बादमें उन्होंने अदालतमें अपना कबूलनामा ये कहते हुए वापस ले लिया कि उनसे जबरन ये बयान दिलवाया गया था। सीबीआईने सुरेंदर कोली और पंढेरके खिलाफ १९ मामले दर्ज किये थे। जहां कोलीपर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सुबूतोंको मिटाने जैसे आरोप थे वहीं पंढेरपर अनैतिक तस्करीका आरोप था। इस मामलेकी गूंज कई सालोंतक देश गूंजती रही थी। लोगोंने पुलिसपर लापरवाही बरतनेके आरोप लगाये थे । स्थानीय लोगोंने उस समय कहा था कि पुलिस इस मामलेमें इसलिए भी काररवाई नहीं कर सकी क्योंकि लापता होनेवालोंमें से अधिकतर गरीब परिवारके थे। गाजियाबाद जेलमें बंद कोलीको इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई किये जा रहे १२ मामलोंमें मौतकी सजा सुनायी गयी थी। वहीं पंढेर नोएडा की जेल में बंद हैं और उन्हें दो मामलोंमें मौतकी सजा हुई थी। कोलीकी सजाको उम्रकैद में बदलनेवाले हाईकोर्टके आदेशको उत्तर प्रदेश सरकारने सुप्रीम कोर्टमें चुनौती दी थी। अभी ये मामला शीर्ष न्यायालयमें लंबित है। न्यायालयने निर्णयमें ये माना कि आरोपियोंके विरुद्ध सुबूत नहीं हैं। न्यायालयने ये नही कहा कि कांड हुआ ही नहीं। कांड तो हुआ । १९ महिलाओं और बच्चियोंके कंकाल कोठी डीएस-५ के सामने नालेसे मिले। अब प्रश्न यह है कि ये नहीं तो किसी और ने ये कांड किया है जिसने कांड किया उसे सजा दिलानेकी किसकी जिम्मेदारी है। किन्तु लगता है कि न्यायालयने इस केसके आरोपीके बरी हो जानेके बाद ये केस व्यवस्थाकी कबाड़की फाइलमें चला जायगा । २००६ से न्यायकी आशा में बैठे पीड़ित परिवारको रो-पीटकर चुप हो बैठना पड़ेगा। इस निर्णयके बाद पीड़ितोंके माता- पिता और परिवारवालोंका दुख और गहरा हो गया। अपनोंको खोनेवालोंने कहा कि १७ साल बाद भी हम लोगोंको न्याय नहीं मिला। निठारी कांडमें अपने बच्चोंको खोनेवाले पैरंट्सका लगभग एक ही सवाल है कि अगर पंढेर और कोली निर्दोष हैं तो उनके बच्चोंको किसने मारा है।एक बात और हाईकोर्टने कहा कि शवोंकी मेडिकल रिपोर्टके आधारपर जांच नहीं हुई। ये रिपोर्ट मानव तस्करीकी ओर इशारा कर रही थी। दोनों न्यायधीशने जांचपर नाखुशी जताते हुए ये भी कहा कि जांच बेहद खराब है। सुबूत जुटानेकी मौलिक प्रक्रियाका पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एसेंसियोंकी नाकामी जनताके विश्वासके साथ धोखा है। हाईकोर्टने कहा कि जांच एजेंसियोंने अंग व्यापारके गम्भीर पहलुओंकी जांच किये बिना एक गरीब नौकरको खलनायककी तरह पेश किया। हाईकोर्टने माना कि ऐसी गम्भीर चूकके कारण मिलीभगत सहित कई गम्भीर निष्कर्ष संभव है। हाईकोर्टने यह भी माना कि आरोपी अपीलकर्ताको निचली अदालतमें स्पष्ट रूपसे निचली अदालतमें सुनवाईका मौका नही मिला। न्यायालयने निर्णयमें ये भी कहा कि दोनों आरोपियोंके खिलाफ कोई सुबूत नहीं हैं। सुबूत अभावमें दोनों आरोपियोंको लगभग १७ साल जेलमें रहना पड़ा। अकारण जेलमें बिताये इनके इन सालोंके लिए कौन जिम्मेदार है। इस केसमें शुरुआतसे ही पुलिसपर आरोप लगते रहते हैं कि वह इस मामलेमें रूचि नहीं ले रही। उसीके बाद मामला सीबीआईको गया । अब सीबीआईकी जांचपर भी सवाल उठा है तो सीबीआईको अपनी जांच और प्रक्रियापर भी सोचना और बदलाव करना होगा। क्योंकि देशमें उसका बहुत सम्मान है। प्रत्येक प्रकारके टिपिकल मामलेमें उसीसे जांच करानेकी बात आती है। अब उसकी भी जांच ऐसी ही निम्नस्तरीय होगी तो फिर उसे सोचना तो होगा ही।

फलस्तीन गाजा के नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करेगा इजरायल

गाजा पट्टी। इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध और ज्यादा विस्फोटक हो चुका है। जब से गाजा में एक अस्पताल पर रॉकेट दागा गया है, स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल का दौरा किया है और उसका असर भी दिखने लगा है। बड़ा ऐलान करते हुए कहा गया है कि मिस्र के रास्ते गाजा के आम नागरिकों तक दवाइयां पहुंचाई जाएंगी। ये दवाइयां तो सहायता संगठन द्वारा पहुंचाई जाएंगी, लेकिन उसमें मदद इजरायल करेगा।असल में जब से इजरायल और फिलिस्तीन के बीच में युद्ध छिड़ा है, गाजा में खाने की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ चुकी है। लोग दाने-दाने के लिए मोहताज चल रहे हैं, उनके सिर पर छत नहीं है। अब इस स्थिति को देखते हुए जो बाइडेन ने इजरायल से सहायता मांगी। असल में एक सुरक्षित रूट से राशन और दवाइयां पहुंचाने पर जोर दिया गया। अब बताया जा रहा है कि मिस्र के रास्ते गाजा तक ये जरूरी चीजें पहुंचना शुरू हो जाएंगी।वैसे इस सब के अलावा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी तरफ से भी एक बड़ा ऐलान कर दिया है। कहा गया है कि अमेरिका द्वारा गाजा को 100 मिलियन डॉलर की आर्थिक सहयता जी जाएगी। इससे पहले भी ऐसे ऐलान किए जा चुके हैं। अभी के लिए अमेरिका का स्टैंड बिल्कुल क्लियक है। उसकी तरफ से हमास के खिलाफ बोला जा रहा है, लेकिन गाजा के नागरिकों की बात भी की जा रही है।

गाजा में रोको युद्ध...', यूएस कैपिटल हिल में घुसे फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारी, 300 गिरफ्तार

यूएस के कैपिटल हिल में बड़ी घटना दर्ज की गई. असल में बुधवार को यहां फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों की एक बड़ी भीड़ वाशिंगटन डीसी में यूएस कैपिटल में अंदर घुस आई और उन्होंने कैनन रोटुंडा पर धावा बोल दिया. हाथ में सीजफायर की तख्तियां लिए और जुबान पर गाजा समर्थन और युद्धबंदी के नारे लिए एक बड़ी भीड़ बुधवार को यूएस कैपिटल पहुंच गई. इन प्रदर्शनकारियों में यहूदी संगठन के सदस्य भी शामिल थे.इजरायल और हमास की जंग जारी है और इस संघर्ष को शुरू हुए अब दो हफ्ते होने को हैं. जंग में दोनों ओर से मौतों का आंकड़ा हजारों के नंबर को पार कर चुका है तो वहीं, घायलों की संख्या भी अनगिनत है. इसी बीच बुधवार को जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इजरायल पहुंचे थे तो उधर यूएस के कैपिटल हिल में बड़ी घटना दर्ज की गई.

असल में बुधवार को यहां फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों की एक बड़ी भीड़ वाशिंगटन डीसी में यूएस कैपिटल में अंदर घुस आई और उन्होंने कैनन रोटुंडा पर धावा बोल दिया. न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट की मानें तो इस प्रदर्शन में 300 प्रदर्शनकारी गिरफ्त में लिए गए हैं. प्रदर्शन कर रही लोगों की भीड़ इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में तत्काल युद्धविराम की मांग कर रहे थे.

हाथ में सीजफायर की तख्तियां लिए और जुबान पर गाजा समर्थन और युद्धबंदी के नारे लिए एक बड़ी भीड़ बुधवार को यूएस कैपिटल पहुंच गई. इन प्रदर्शनकारियों में यहूदी संगठन के सदस्य भी शामिल थे. गतिशील यहूदी-अमेरिकी कार्यकर्ता वॉशिंगटन में यूएस कैपिटल यानी अमेरिकी संसद भवन के अंदर घुस गए और धरना दिया. उन्होंने अमेरिकी संसद ने गाजा में युद्धविराम की अपील करने की मांग की. उन्होंने कहा कि ये युद्ध 10 दिनों में हजारों की जान ले चुका है. उन्होंने कहा कि गाजा में सीजफायर लागू हो और अब निर्दोषों का मरना बंद हो.

सर्दी में कैसे रखें स्वस्थ का ख्याल

भले ही अभी अधिक ठंड महसूस नहीं हो रही है, लेकिन अधिकतर लोग सर्दी-जुकाम और खांसी आदि से कमजोर पड़ने लगती है। इसलिए इस मौसम में अकसर करना पड़ता है। ऐसे में सर्दियों की छोटी-छोटी बहुत जरूरी होता है। इम्यूनिटी को बूस्ट करने के लिए की जरूरत होती है। इससे आप हमेशा फिट और हेल्दी होगा कि फिट और हेल्दी रहने के लिए सर्दियों में क्या खाना चाहिए?

1 तुलसी और शहदसर्दी में आप तुलसी और शहद का इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। तुलसी और शहद में मौजूद बीमारियों से भी बचा सकते हैं। इसके लिए आप तुलसी तो तुलसी के पत्तों का पानी भी पी सकते हैं।

2 बाजरे की रोटीअधिकतर लोग सर्दी में बाजरे की रोटी रखने में मदद करती है। साथ ही इसमें प्रोटीन, आप अपने घर के बच्चों, बड़ों सभी को बाजरे की रोटी अदरक की तासीर बेहद गर्म होती है। साथ ही यह पाचन अदरक का सेवन जरूर करना चाहिए। आप अदरक की होने पर आप अदरक का रस भी पी सकते हैं।

ड्राई फ्रूट्स का सेवन वैसे तो हर मौसम में करना चाहिए। एनर्जी मिल सकती है। ड्राई फ्रूट्स गर्म होते हैं, इससे है। आप बादाम, किशमिश, मूंगफली, काजू और अंजीर, खजूर खाना भी फायदेमंद होता है।, लहसुन का लहसुन को खाने में शामिल कर सकते हैं। लहसुन का सूप, चटनी या अचार भी खा सकते हैं। इसके अलावा आप लहसुन की 1-2 कली सुबह खाली पेट भी खा सकते हैं। लहसुन शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाता है। सर्दियों में आपको हेल्दी भी रख सकता है। लहसुन खाने से विंटर इंफेक्शन से भी बचाव हो सकता है।, सर्दियों में अधिकतर लोग गुड़ का सेवन करते ही है। गुड़ की तासीर गर्म होती है, साथ ही गुड़ पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। ऐसे में अगर आप सर्दी में गुड़ खाएंगे, तो आप ठंड से अपना बचाव कर सकते हैं। आप गुड़ की चाय, गुड़ के लड्डू आदि खा सकते हैं। सर्दियों में सूप पीना भी काफी फायदेमंद होता है। आप टमाटर सूप, ब्रोकली सूप, बीन्स सूप, वेजिटेबल सूप, प्याज सूप, चिकन सूप आदि का सेवन कर सकते हैं। सूप में एंटीऑक्सीडेंस, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आप सर्दी के मौसम में नियमित रूप से सूप पिएंगे, तो आपको पर्याप्त एनर्जी मिलेगी। आप फिट और हेल्दी भी महसूस करेंगे।

ठंडे मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस वजह से परेशान हैं। दरअसल, सर्दियों में शरीर की इम्यूनिटी लोगों को जुकाम, खांसी, बुखार और दर्द का सामना समस्याओं से बचने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना आपको हेल्दी खाना, एक्सरसाइज आदि पर ध्यान देने भी रह सकते हैं। अब अधिकतर लोगों के मन में सवाल खाना चाहिए? या फिर सर्दियों में ताकत के लिए क्या

सेवन कर सकते हैं। तुलसी और शहद एक साथ लेने से औषधीय गुण आपको ठंड की वजह से होने वाली का एक पत्ता लें, इसे शहद के साथ चबा लें। आप चाहें

खाना पसंद करते हैं। बाजरे की रोटी शरीर को गर्म कैल्शियम, फाइबर और विटामिन बी भी पाए जाते हैं। खिला सकते हैं। इससे आप सर्दी में भी फिट रहेंगे. क्रिया को भी सही रखता है। इसलिए सर्दियों में आपको चाय, पानी या काढ़ा आदि भी सकते हैं। सर्दी-जुकाम

लेकिन सर्दियों में ड्राई फ्रूट्स खाने से शरीर को पर्याप्त शरीर भी गर्म रहता है और सर्दी-जुकाम से बचाव होता अखरोट आदि का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा सेवन करने से सर्दी में आप गर्म रह सकते हैं। आप

भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया

अहमदाबाद। शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए मैच में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया पाकिस्तान ने भारत के समक्ष 192 रन का लक्ष्य रखा था जिसे भारत ने 30.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर में ही पूरा कर लिया और एक साथ यह वर्ल्ड कप में भारत की लगातार तीसरी जीत बन गई , पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कल 42.5ओवर में 191 रन बनाए थे रोहित शर्मा ने भारत के तरफ से शानदार पारी खेली श्रेयस अय्यर ने तों रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मेगा मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल की सीट के लिए अपना दावा और मजबूत कर लिया. इससे पहले भारतीय बॉलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को दो सौ का आंकड़ा भी छूने से वंचित कर दिया. टॉस जीतकर भारत से न्योता पाने के बाद पाकिस्तानी ओपनर खास इमाम-उल-हक (36) और अब्दुल्ला शफीक (20) ने मिलकर टीम को बहुत ही भरोसमेंद शुरुआत दी. इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 41 र जोड़े, लेकिन ये दोनों ही ओपनर जमने के बाद आउट हो गए. यहां से कप्तान बाबर आजम (50) और मोहम्मद रिजवान (49) ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन की अहम साझेदारी की. इससे पहले भारत ने मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

ऑपरेशन अजय के तहत 471 लोग भारत आए

ऑपरेशन अजय के तहत 471 लोग भारत आए नई दिल्ली। युद्धग्रस्त इजराइल से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाया जा रहा ऑपरेशन अजय अब भी जारी है। रविवार को दो अन्य फ्लाइटों से 471 भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया। एक फ्लाइट में 197 और दूसरी फ्लाइट में 274 भारतीय नागरिक सवार थे, भारत पहुंच कर सभी नागरिकों ने जहां सुकून की सांस लिया वहीं भारत माता जय के नारे भी लगाए।

छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों की सूची जारी की

दिल्ली ।छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने रविवार सुबह अपने 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। सीएम भूपेश बघेल पाटन से तो डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव अंबिकापुर से चुनाव लड़ेंगे। छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात और 17 नवंबर को मतदान संपन्न होगा तथा 3 दिसंबर को मतगणना होगी ।कांग्रेस की इस लिस्ट में डिप्टी सीएम टी.एस. सिंहदेव (अंबिकापुर सीट), अमरजीत भगत (सीतापुर- ST सीट), उमेश पटेल (खरसिया सीट), जय सिंह अग्रवाल (कोरबा सीट), डॉ. चरण दास महंत (सक्ति सीट), डॉ. शिवकुमार धारिया (अरंग- SC सीट), श्रीमती अनिला भेंडिया (डोंडी लोहारा- ST सीट), भूपेश बघेल (पाटन सीट) से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, ताम्रध्वज साहू (दुर्ग ग्रामीण सीट), रविंद्र चौबे (साजा सीट), गुरु रुद्र कुमार (नवागढ़- SC सीट), नीलकंठ चंद्रवंशी (पंडारिया सीट), मोहम्मद अकबर (कवर्धा सीट), श्रीमती यशोदा वर्मा (खैरागढ़ सीट), श्रमती हर्षिता स्वामी बघेल (डोंगरगढ़- SC सीट), गिरीश देवांगन (राजनंदगांव सीट), दलेश्वर साहू (डोंगरगांव सीट), भोला राम साहू (खुज्जी सीट), इंद्रशाह मंडावी (मोहला-मानपुर-ST सीट), रूप सिंह पोटाई (अनंतगढ़ -ST सीट), श्रमती सावित्री मंडावी (भानुप्रतापपुर -S T सीट), शंकर ध्रुव (कांकेर-ST सीट), संतराम नेताम (केशकाल-ST सीट), मोहन लाल मरकम (कोंडागांव-ST सीट), चंदन कश्यप (नारायणपुर-ST सीट), लखेश्वर बघेल (बस्तर -ST सीट), दीपक बैज (चित्रकोट-S T सीट), के. छविंद्र महेंद्र कर्मा (दंतेवाड़ा-ST सीट), विक्रम मंडावी (बीजापुर-ST सीट) को टिकट दिया गया है।

आज भी पूरा सिस्टम बड़े स्टार्स के इर्द-गिर्द घूमता है...तापसी पन्नू

दिल्ली। तापसी पन्नू ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में खास जगह बनाई है। अब उन्होंने फिल्म धक धक के जरिए बतौर प्रोड्यूसर शुरुआत की है। रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा, फातिमा सना शेख और संजना सांघी अभिनीत यह फिल्म आज रिलीज हुई है। इस फिल्म के प्रमोशन के तरीके को लेकर तापसी पन्नू ने निराशा जाहिर की है। तापसी पन्नू ने कहा कि आज भी पूरा सिस्टम बड़े स्टार्स के इर्द-गिर्द घूमता है। इस दौरान उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म जवान का भी जिक्र किया। तापसी ने कहा कि फिल्म का ट्रेलर रिलीज से चार दिन पहले जारी होनेके बाद मुझे ऐसी चीजें सुनने को मिलीं कि ये महिला प्रधान फिल्म है। सिर्फ कुछ दर्शक आएंगे। इतने शो नहीं मिलेंगे, बाद में ओटीटी पर यह फिल्म आनी ही है तो क्यों तनाव लेना ? इसके बाद तापसी ने शाहरुख खान की फिल्म जवान का हवाला दिया, जिसका ट्रेलर भी रिलीज से कुछ दिन पहले ही जारी हुआ था। तापसी पन्नू ने कहा कि एक्सवाईजेड का ट्रेलर भी देर से आया था, लेकिन मेरी फिल्म जवान नहीं है। छोटी फिल्मों को एक निश्चित प्रोत्साहन की जरूरत है। लोग उन्हें स्वीकार करने या अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन छोटी फिल्मों को सामने आने का सही मौका चाहिए। इस बारे में रत्ना पाठक शाह ने भी फिल्म के प्रमोशन को लेकर तापसी पन्नू के जुझारूपन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक ऐसी फिल्म जो ऑफ बीट हो और जिसमें बड़े स्टार्स न हों, उसका प्रमोशन करना वाकई बहुत मुश्किल होता है। रत्ना पाठक ने आगे कहा कि वह तापसी की बातों से सहमत हैं कि ऐसी फिल्म को थोड़ा वक्त और प्रोत्साहन चाहिए होता है ।समारोह होने जा रहा है ।

इस बार नवरात्रि में खुलकर करें गरबा

नवरात्रि का पर्व देश का सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। लोगों कई दिनों पहले से ही शॉपिंग करके और घर को सजाकर जश्न की तैयारी में लग जाते हैं। नौ दिन के इस त्योहार में खूब सारा गरबा डांस भी होता है। खासकरके गुजरात में तो इसका खास आयोजन किया जाता है। नवरात्रि के दिनों में पूरा गुजरात रोशनी से नहाया होता है और उसकी रोशनी बस देखने लायक होती है। अगर आप भी इस नवरात्रि पर गरबा एंन्जॉय करना चाहती हैं तो गुजरात की सैर जरूर करें। आइए आप बताते हैं यहां पर होने वाले 5 बेस्ट गरबा इवेंट । वडोदरा - अगर आप गरबा और डांडिया का बेहतरीन इवेंट देखना चाहते हैं तो वडोदरा आपके लिए सही है। बता दें कि इस शहर में बड़ौदा भी कहा जाता है। यहां का नवरात्रि समारोह सबसे मस्ती भरा होता है। कई सेलीब्रिटीज भी यहां गरबा कार्यक्रम में शामिल होती है । भद्रा किला - अगर आप कुछ पुराने और सांस्कृतिक झलक देखने के शौकीन हैं। तो अहमदाबाद के पुरातन शहर भद्र किला में, नवरात्रि की ढेर सारी रौनक देखने को मिलती है। हालांकि आजकल की युवा पीढ़ी नए संगीत की दीवानी है, लेकिन पुरानी शैली को पसंद करने वाले लोगों की भी कमी नहीं है। ये कोर्ट रोड, भादरा, अहमदाबाद में स्थिति है। राजपथ क्लब- यहां सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में अनूठे संगीत के बीच गरबा और अन्य प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां काफी संख्या में लोग उपस्थित हो गरबा का आनंद लेते हैं। यहां का डांडिया कार्यक्रम सर्वश्रेष्ठ होता है । इसका पता राजपथ क्लब, एस जी हाईवे रोड, बोदकदेव, अहमदाबाद है । बड़ौदा विश्वविद्यालय, ललित कला संकाय - ये जगह सच में बहुत बड़ी है और यहां पर काफी संख्या में लोग गरबा खेलने के लिए आते हैं। यहां का नवरात्रि उत्सव काफी अलग और ज्यादा रंगीन होता है। अहमदाबाद- अहमदाबाद न सिर्फ गुजरात के सबसे बड़े शहरों में से एक है, बल्कि नवरात्रि के दौरान यहां पर सबसे ज्यादा रौनक देखने को मिलती है। यहां पर महाराष्ट्र जैसे आस-पास के राज्यों से भी काफी संख्या में पर्यटक आ जाते। हैं। अहमदाबाद में घूमने के लिए सर्वश्रेष्ठ है।

स्कूली छात्रा के साथ हैवान बना कंडक्टर करता था छेड़खानी

राजस्थान ,बीकानेर। एक प्राइवेट स्कूल बस के कंडक्टर ने साढ़े 3 साल की मासूम से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की। उसने मासूम को इस बारे में घर पर नहीं बताने को धमकाया। बच्ची ने हिम्मत दिखाते हुए पूरी घटना 10 अक्टूबर मंगलवार को अपनी मां को बताई, जब बच्ची के प्राइवेट पार्ट में दर्द हुआ तो 12 अक्टूबर गुरुवार को फिर से उसने हैवान कंडक्टर की अश्लील हरकत बयां कर डाली। मां ने समझदारी दिखाते हुए दोनों बयानों की वीडियोग्राफी कर ली। इसके बाद 13 अक्टूबर शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला बीकानेर की एक पॉश कॉलोनी का है ।जय नारायण व्यास कॉलोनी थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि बच्ची की मां ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें फ्लोरल ग्लोबल पब्लिक स्कूल की बस के कंडक्टर मदनलाल के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। इसमें बस ड्राइवर कमल और महिला कंडक्टर पूजा की भूमिका पर भी जांच जा रही है। आरोपी मदनलाल से पूछताछ जारी है उसे 13 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया गया था। पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मां ने शिकायत में बताया किपहली बार 10 अक्टूबर को मेरी मासूम बेटी ने कंडक्टर की हैवानियत के बारे में बताया। उसने कहा- मां, स्कूल के कंडक्टर अंकल (मदनलाल) गंदे हैं वो मुझे गाल और होंठों पर छूते हैं। मुझे न्यूड करके (कमर के नीचे इशारा करते हुए) यहां छेड़छाड़ करते हैं। मैंने दुबारा बच्ची से यही सारी घटना पूछते हुए उसके बयानों का वीडियो बना लिया, ताकि पुलिस अधिकारियों को दिखा सकूं ।दूसरी बाद इसके बाद 2 दिन बाद 12 अक्टूबर को मैं बेटी को नहला रही थी। उसके पेट के निचले हिस्से में दर्द होने लगा। प्यार से पूछने पर बच्ची ने कहा- कंडक्टर अंकल मदनलाल ने प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की। बच्ची ने कहा- इस पूरी घटना को स्कूल बस के ड्राइवर कमल ने भी देखा रिपोर्ट में बताया गया है कि मदनलाल मासूम से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करता था। वह बच्ची को धमकाता था कि अगर उसने ये सब किसी को बताया तो उसके माता-पिता को भूतु खा जाएगा और वह अकेली रह जाएगी। बच्ची उसकी बातों से डरकर चुप रही और किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन, मां की समझदारी से बच्ची ने साहस दिखाया और कंडक्टर की हैवानियत बयां कर डाली, मां ने रिपोर्ट में बताया कि मदनलाल बच्ची की पिछली प्ले स्कूल में ड्राइवर था। पैरेंट्स ने बच्ची का दाखिला फ्लोरल ग्लोबल पब्लिक स्कूल में कराया तो देखा कि मदनलाल यहां भी कंडक्टर के रूप में कार्यरत है। अच्छा व्यवहार होने के कारण माता-पिता को शक नहीं हुआ। जब रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए मदनलाल को पुलिस स्टेशन बुलाया गया तो उसके फोन में बच्ची की बचपन की फोटो भी मिली ।सीओ सदर शालिनी बजाज ने बताया कि बस में महिला कंडक्टर भी थी। ऐसे में अब ये पता लगाया जा रहा है कि महिला कंडक्टर और ड्राइवर की क्या भूमिका है। इसकी पुख्ता जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अखिलेश यादव ने दिया इंडिया जीत पर बधाई के साथ राजनीतिक संदेश

लखनऊ। वनडे क्रिकेट विश्व कप 2023 के 12वें महामुकाबले में भारतीय टीम पाकिस्तान की टीम से भिड़ती नजर आई. इस दौरान गुजरात के अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत का पलड़ा शुरू से ही मैच पर भारी नजर आया और भारतीय टीम ने अंत में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया. जिसके साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम को उसकी ऐतिहासिक जीत के सिलसिले को बरकरार रखने के लिए बधाई और शुभकामनाओं का दौर शुरू हो गया है. दरअसल आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में अब कुछ ही समय रह गया है. वहीं देशभर की सभी बड़ी विपक्षी पार्टियों ने एनडीए को हराने के लिए एक गठबंधन किया है. जिसका नाम इंडिया रखा गया है. ऐसे में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत पर बधाई देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव इसे भुनाने में पीछे नहीं दिखाई दिए. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा''इंडिया' की जीत का ये सिलसिला यूँ ही जारी रहे बधाई और शुभकामनाएं!

सपा ने कांग्रेस से पूछा, बताए उसे कौन-कौन सी सीटें चाहिए

लखनऊ। यूपी में कांग्रेस और सपा के बीच बन रहे गठबंधन की खबरों के बीच एक बार फिर यूपी के दो लड़कों की जोड़ी सामने नजर आ सकती है, लोकसभा चुनाव करीब आते ही इंडिया की समन्वय समिति में यूपी में सीट बंटवारे को लेकर मंथन प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस ने सीटों की संख्या बताई तो सपा ने कहा कि उसे यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस सीट पर किसे लड़ाना चाहती है। आगे की बात उसके बाद ही होगी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी सबसे अहम राज्य है, क्योंकि यहीं सबसे ज्यादा 80 सीटें हैं। यहां इंडिया के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा होना है। घटक दलों में यहां सबसे मजबूत स्थिति में सपा है, इसलिए उसकी सहमति पर ही सारा दारोमदार निर्भर करेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि यूपी में सीटें बांटने का काम उनकी पार्टी ही करेगी। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस यूपी में गठबंधन के तहत करीब 30 सीटें मांग रही है। लेकिन, सपा नेतृत्व का मानना है कि सिर्फ लड़ने के लिए सीटों की संख्या ज्यादा रखना उचित नहीं है, जीतने के समीकरण अहम हैं, ताकि भाजपा को शिकस्त दी जा सके। समन्वय समिति में इसी तर्क को रखते हुए सपा ने कहा कि कांग्रेस जिन सीटों पर लड़ना चाहती है, उन सीटों और प्रत्याशी के नाम पहले बताए। उसके बाद आगे की बात होगी। समन्वय समिति के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने कहा है कि वह सीटों और प्रत्याशियों के बाबत होमवर्क कर रही है। जल्दी ही पूरे ब्यौरे के साथ अपनी बात रखेगी। तेलंगाना चुनाव के बाद केसीआर बन सकते हैं हिस्साभारत राष्ट्र समिति के प्रमुख और तेलंगाना के सीएम केसी राव राज्य के चुनाव के बाद इंडिया में शामिल हो सकते हैं। समन्वय समिति के सूत्रों के मुताबिक, इस बारे समिति के नेताओं से बात हुई है। तेलंगाना कांग्रेस और बीआरएस के बीच मुख्य लड़ाई होने के कारण फिलहाल गठबंधन संभव नहीं है, लेकिन यह तय है कि केसीआर एनडीए के साथ नहीं जाएंगे। इसलिए राज्य चुनाव के बाद उनका इंडिया गठबंधन में शामिल होना तय माना जा रहा है।

वन नेशन वन राशन कार्ड के नाम पर ठगी हुई गिरफ्तारी

प्रयागराज/ जौनपुर ।वन नेशन वन राशन कार्ड में घपलेबाजी करने वालों पर शनिवार को बड़ी कार्रवाई सामने आई है। इसमें राशन कार्ड का कूटरचित ढंग से टेंडर आर्डर जारी कर लाखों की ठगी करने वाले मास्टर माइंड समेत तीन आरोपियों को दिल्ली, प्रयागराज व जौनपुर से धर दबोचा गया। यह कार्रवाई यूपी एसटीएफ लखनऊ व सरायख्वाजा पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से की। वन नेशन वन राशन कार्ड के नाम पर लाखों की ठगी, यूपी एसटीएफ ने गिरोह के मास्टरमाइंड समेत तीन को दबोच लिया.

वन नेशन वन राशन कार्ड में घपलेबाजी करने वालों पर शनिवार को बड़ी कार्रवाई सामने आई है। इसमें राशन कार्ड का कूटरचित ढंग से टेंडर आर्डर जारी कर लाखों की ठगी करने वाले मास्टर माइंड समेत तीन आरोपियों को दिल्ली, प्रयागराज व जौनपुर से धर दबोचा गया। वन नेशन वन राशन कार्ड में घपलेबाजी करने वालों पर शनिवार को बड़ी कार्रवाई सामने आई है। इसमें राशन कार्ड का कूटरचित ढंग से टेंडर आर्डर जारी कर लाखों की ठगी करने वाले मास्टर माइंड समेत तीन आरोपियों को दिल्ली, प्रयागराज व जौनपुर से धर दबोचा गया। यह कार्रवाई यूपी एसटीएफ लखनऊ व सरायख्वाजा पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से की।

वन नेशन वन राशन कार्ड योजना में टेंडर आर्डर जारी करने का मास्टर माइंड संतोष कुमार सेमवाल निवासी श्री चंद्र पार्क मटियाला थाना बिंदापुर द्वारिका नई दिल्ली का रहने वाला है। उसके साथ अभियुक्ता माया तिवारी निवासी आवास विकास कालोनी योजना झूंसी प्रयागराज, अभियुक्त अभिषेक तिवारी उर्फ रिंकू निवासी ग्राम देवकालपुर थाना केराकत जौनपुर भी सहयोगी की भूमिका में रहे।

इस मामले में एसटीएफ व सरायख्वाजा पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए उनको उनके जिले से धर-दबोचा। इनके पास के एक मोबाइल फोन, कूट रचित दस्तावेज मिले। इसमें आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी वाली टीम में अपराध निरीक्षक सरायख्वाजा शेष कुमार शुक्ला, उप निरीक्षक एसटीएफ पंकज सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह आदि रहे।

गहलोत के खिलाफ मानहानि मामले में आदेश देने से जज को रोका

नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी की एक सत्र अदालत ने शनिवार को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत को निर्देश दिया कि वह केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की तरफ से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ मानहानि की आपराधिक शिकायत के सिलसिले में अंतिम आदेश पारित करने से परहेज करे। सत्र अदालत ने निर्देश दिया है कि सुनवाई की अगली तारीख तक अंतिम आदेश पारित नहीं किया जाए ।गहलोत की ओर से दायर एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने निचली अदालत को इस मामले में दलीलें सुनना जारी रखने की अनुमति दी कि क्या एक मुख्यमंत्री के खिलाफ नोटिस तैयार किया जाए ?नागपाल ने कहा, 'न्याय के हित में, यह निर्देश दिया जा रहा है कि यद्यपि निचली अदालत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि) के तहत अपराध को लेकर याचिकाकर्ता (गहलोत) को नोटिस देने की आवश्यकता पर दलीलें सुनना जारी रख सकती है, लेकिन वर्तमान पुनरीक्षण याचिका में सुनवाई की अगली तारीख तक इस संबंध में कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया जाएगा।'उन्होंने पहले शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, लेकिन वरिष्ठ कांग्रेस नेता गहलोत को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने की अनुमति दी थी ।एक मजिस्ट्रेट अदालत गहलोत के खिलाफ केंद्रीय मंत्री एवं राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ नेता शेखावत की शिकायत पर सुनवाई कर रही है।

राजस्थान पूरे देश की न्यायपालिका के लिए बदलाव का चेहरा है....प्रधान न्यायाधीश

जयपुर। देश के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चन्द्रचूड़ ने कहा कि राजस्थान पूरे देश की न्यायपालिका के लिए बदलाव का चेहरा है। यहां 1344 न्यायिक अधिकारियों में से 562 महिला हैं। वर्ष 2021-22 में 120 पदों पर 71 महिलाओं का चयन हुआ। ऐसा बदलाव पूरे देश में होना चाहिए। सूचना का अधिकार को लेकर राजस्थान में हुए में आंदोलन से भी वे प्रभावित नजर आए। सीजेआई ने शनिवार को यहां राजस्थान हाईकोर्टकी स्थापना के प्लेटिनम जुबली वर्ष के शुभारम्भ के लिए आयोजित समारोह को संबोधित किया। अवसर पर सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश संजय किशन कौल, सूर्यकांत, एस रविन्द्र भट्ट बेला एम. त्रिवेदी, पंकज मित्तल व राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एजी मसीह व न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव की मौजूदगी राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित प्रधानपीठ और जयपुर पीठ के साथ जयपुर की कॉमर्शियल कोर्ट में पेपरलैस व्यवस्था तथा हाईकोर्ट के टेलीग्राम चैनल की लॉन्चिंग की गई। राजस्थान हाईकोर्ट के प्लेटिनम जुबली वर्ष में प्रवेश पर सत्य की जय हो.. लोगो व (ध्येय) तथा हाईकोर्ट में अब तक न्यायाधीशों के चित्रों की डिजिटल गैलरीको भी लॉन्च किया गया। समारोह में सीजेआई ने कहा कि जानने का अधिकार जीने का अधिकार से जुड़ा है, जिसके लिए ब्यावर में हुए आंदोलन का सीजेआई के रूप में मुझ पर प्रभाव हुआ। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट में लिफ्टमैन और ड्राइवर से हुई बातचीत का हवाला देकर कहा कि वे बच्चों को सीए, कंप्यूटर इंजीनियर व डॉक्टर बनाना चाहते हैं, इन कर्मचारियों के बारे में पुरानी सोच को बदलना होगा। सीजेआई चन्द्रचूड़ ने कहा कि कोविड काल में एक न्यायाधीश ने जोधपुर व दूसरे ने जयपुर बैठकर वीसी के जरिए खंडपीठ में सुनवाई की, जो क्लासिकल उदाहरण है। राजस्थान में हाईकोर्ट व लॉअर कोर्ट में आईटी सहित आधारभूत सुविधाओं में आए बदलाव को लेकर कहा कि यहां चेंज आया है, अन्य राज्य स्तर पर अभी यह देखने को नहीं मिल रहा।

जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा भवन का किया निरीक्षण

सत्यवान समाचार

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को विकास खण्ड बिलरियागंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मिरिया रेडहा में मनरेगा योजनान्तर्गत बनाये जा रहे अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत मिरिया रेडहा में बनाये जा रहे अन्नपूर्णा भवन पर निरीक्षण के समय कार्य चलता पाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण दीपावली पर्व तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा आजमगढ़ बिलरियागंज-रौनापार सड़क के दोनो तरफ 1.85, 1.85 मीटर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए हरैया ब्लाक के अराजी देवारा नैनीजोर गांव में 225 मीटर रोड के मिट्टी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण एवं मिट्टी के कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बिलरियागंज नीलिमा गुप्ता, एडीओ पंचायत राम आशीष सिंह, ग्राम सचिव अजय सोनकर, ग्राम प्रधान संतोष कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अपना दल एस ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई जयंती

आजमगढ़। सगड़ी क्षेत्र में अपना दल एस ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती ग्राम पंचायत बनहरा के एक निजी विद्यालय में मनाया। जयंती कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि रेखा वर्मा दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉक्टर सोनेलाल पटेल, भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर फुल का माला पहना कर किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल 562 रियासतों को एक करके अखंड भारत का निर्माण किया। अंग्रेजी हुकूमत के समय किसानों के समय साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज उठाया। हमारी पार्टी उनके मूल्यों और आदर्शों पर चलती है। जातिगत जनगणना हमारी पार्टी की मांग है। पिछड़ों की लड़ाई और हक के लिए हमारी पार्टी तैयार है और हमेशा लड़ाई लड़ती है। मालती सिंह वरिष्ठ नेता अपना एस ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन इस अवसर पर किया गया था। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर सांस्कृतिक कलाकारों ने गीत गाए। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ पटेल और अध्यक्षता श्याम विजय पटेल जिला अध्यक्ष अपना दल एस ने किया। इस अवसर पर बालमुकुंद पटेल, विनोद साहनी, राकेश कुमार सिंह, मालती सिंह, प्रदीप सिंह, रामजनम विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्र लोग उपस्थित रहे।

3 लाख मूलधन पर 6 लाख, सूदखोर गिरफ्तार

फूलपुर आजमगढ़ । पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत फूलपुर कोतवाली में तैनात एसआई जय प्रकाश पाण्डेय बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान मुकदमें में वांछित विपिन कुमार राय उर्फ बब्बू राय पुत्र ईश्वर चंद्र राय ग्राम भवरुपुर थाना अहिरौला व सोनू यादव पुत्र रमेश यादव ग्राम पूरा दुबे थाना अहिरौला को फूलपुर स्थित माहुल मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार अनमोल राय पुत्र ओमप्रकाश राय साकिन लखनपुर पट्टी बादलरायथाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़ दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र पर दिया गया था। कि अभियुक्तगण द्वारा माह सितम्बर वर्ष 2022 में तीन लाख तीस हजार रुपये सूद पर लिया था। जिसके एवज में ब्याज सहित कुल 6 लाख पचास हजार रूपया वापस कर दिया, दिनांक 31.10.2023 को अभियुक्तगण द्वारा आवेदक को जबरदस्ती अपनी दुकान में बैठाकर पैसा मांगना न देने पर ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर कराना तथा स्टाम्प पेपर पर गाडी का बेचीनामा लिखवा लिया , और मारपीट कर घायल कर दिया, इस मामले में कोतवाली फूलपुर में मु0अ0सं0 503/23 धारा 323,342,386 भादवि व 22/23 उत्तर प्रदेश साहूकारी अधिनियम 1976 बनाम 1. विपिन राय उर्फ बब्लू राय पुत्र ईश्वर राय साकिन भँवरूपुर थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ 2 सोनू यादव पुत्र रमेश यादव साकिन दुबे का पूरा थाना अहरौला जनपद आजमगढ़ के पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक जयप्रकाश पाण्डेय के द्वारा किया गया।

जेल में 11 महिला बंदियों ने रखा करवा चौथ का व्रत

न्यूज एजेंसी ...

आजमगढ़। जिला कारागार में बंद 11 महिला बंदियों ने भी पति के लंबी उम्र की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा है। जेल प्रशासन ने सुहागिनों को पूजन की सारी सामग्री उपलब्ध कराई। वे विधि विधान के साथ करवा चौथ की पूजा कर सकें। इतना ही नहीं जेल प्रशासन ने उन व्रती महिलाओं के पतियों से मुलाकात भी कराई, जिनके पति जेल में हैं। जेलर विकास कटियार ने बताया कि जिला कारागार की 11 महिला बंदियों ने बुधवार को सुहाग की सलामती के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। इसकी जानकारी मिलने जाने पर जेल प्रशासन ने पूजन की सामग्री बंदियों को उपलब्ध कराई है। इतना ही विधि विधान से पूजन कर सके इसके लिए सारी व्यवस्था भी जेल परिसर में ही किया गया है। साथ ही पांच व्रती महिला बंदियों को उनके पतियों से भी मुलाकात की, और चांद का दीदार कर उनके हाथों से व्रत खोला। जेलर ने बताया कि जेल में लगभग 20 ऐसी महिलाएं हैं जिनके पति भी यहीं बंद हैं और उन सभी व्रत पर अपने पतियों से मिलवाया गया और व्रत को खोलवाया गया।

नाई समाजने की बैठक

आजमगढ़ बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर 4 नवंबर की महारैली को सफल बनाने के लिए नाई समाज की एक कार्यकर्ता बैठक जिला अध्यक्ष रमेश शर्मा राष्ट्रीय नाई महासभा की अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, विधायक सदर दुर्गा प्रसाद यादव एवं विशिष्ट अतिथि सपा दिलदार यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्ष विला संरक्षक बगेदु शर्मा ने किया कार्यक्रम में हवलदार यादव ने कहा 4 नवंबर की महारैली को सफल बनाने के लिए जिसके मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव है। हलदार यादव जी ने रैली में जाने के लिए नई समाज के लि अध्यक्ष रमेश शर्मा और उनकी पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई भी दी और रेली में जाने के लिए हर संभव सहायता करने का वादा किया। नई समाज के जिलाध्यक्ष रमेश शर्मा ने की एक लाख नाई समाज के लोग गोरखपुर सहजनवा सील में उपस्थित होकर अपने साक का एहसास करायेंगे।

गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तों के घर नोटिस चस्पा

आजमगढ़। थाना बिलरियागंज पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित/फरार अभियुक्तों के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गई। जानकारी के अनुसार गुरूवार को थाना जीयनपुर पर 526/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 दि0घ0 समय व घटना स्थल भिन्न-2 गुरूवार समय 17.40 बजे राज्य द्वारा प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र पाण्डेय थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ बनाम विवेक चौहान, सोनू चौहान, पंकज यादव, मनीष यादव, बिजय चौहान पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष बसंत लाल थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ द्वारा सम्पादित की जा रही है। गुरूवार को थानाध्यक्ष बसंत लाल थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ द्वारा वाँछित अभियुक्त विवेक चौहान, सोनू चौहान के विरूद्ध मा0 न्यायालय से आदेशिका अन्तर्गत धारा 82 द0प्र0सं0 प्राप्त कर नियमानुसार मुनादी करते हुए अभियुक्तगण विवेक चौहान व सोनू चौहान उपरोक्त के घरो पर व सुलभ प्रदर्शित स्थानो पर चस्पा करते हुए समक्ष गवाहान नियमानुसार तामिला करवाया गया।

तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेला हुआ संपन्न

सत्यवान समाचार

आजमगढ़। नगर पंचायत में लगने वाला ग्रामीण क्षेत्र का सबसे बड़ा मेला जो शरद पूर्णिमा से तीन दिनों तक चलता है और इसे देखने के लिए लालायित लोग काफी दूर-दूर से यहां आते है। तीन दिवसीय मेले के आखिरी दिन लाखों की भीड़ मेले में उमड़ पड़ी। मेले में दो दर्जन से अधिक मूर्तियां व भव्य पंडाल में दर्शनार्थियों के लिए बनाए गए थे जहां देर रात तक लोगों ने जमकर मेले का आनंद उठाया, वही जयसवाल त्रिमुहानी, गोला क्षेत्र, हनुमानगढ़ी आदि दुर्गा पंडालो में मनमोहक झांकियां बाहर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें गौरा और पार्वती का नृत्य देख लोग अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए। मेले में चारों तरफ सेल्फी लेने की होड़ मची रही तो वही पुलिस प्रशासन भी काफी चौकन्ना दिखा। किसी भी स्थित से निपटने के लिए मेले में बराबर पुलिस की चौकसी रही, लगातार पुलिस पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही और मेला संपन्न होते ही पुलिस ने भी राहत की सांस ली। मेले में दूर-दूर से आए हुए दर्शनार्थियों ने जमकर खरीदारी की, सभी दुकानों पर अत्यधिक भीड़ रहीं तो वहीं महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। पूजा पंडालो के पास लोगों को सेल्फी लेने की होड़ मची रही। गोला क्षेत्र में बने दुर्गा पंडाल में " ना हमसे भंगिया पिसाई ये भोला "गीत पर शिव का तांडव देख लोग काफी आकर्षित हुए तो कहीं पर राधा कृष्ण की जोड़ी झांकी के रूप में मनमोहक प्रस्तुतियां बिखेर रही थी । मेले को देखते हुए नगर पंचायत को दुल्हन की तरह सजाया गया था जहां जगमग विद्युत झालरों के अलावा तेज प्रकाश की भी व्यवस्था भी की गई थी, वहीं विद्युत उपकेंद्र अतरौलिया द्वारा मेले में निर्बाध विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराई गई, मेला संपन्न होने के उपरांत पुलिस ने राहत की सांस ली तो वही आज देर शाम तक सभी मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

बिजली आपूर्ति हुई फेल सवा दो घंटे खड़ी रहीं ट्रेनें

सरायमीर/ फरीहा। विद्युत आपूर्ति फेल होने के कारण मंगलवार को करीब सवा दो घंटे तक ट्रेनें खड़ी रहीं।ताप्ती गंगा एक्सप्रेस सरायमीर रेलवे स्टेशन के निकट खरेवां गांव के पास खड़ी रही जबकि आनंद विहार आजमगढ और गोदान एक्सप्रेस शाहगंज में खड़ी रही। मंगलवार को दिन में करीब डेढ़ बजे विद्युत आपूर्ति में टेक्निकल फाल्ट आ गया। जिसके कारण बिजली बाधित हो गई और ट्रेनों का संचालन रुक गया। इससे यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। यात्री ट्रेन से बाहर भीतर हो रहे थे। ट्रेन चलने का इंतजार कर रहे थे। कई यात्री तो ट्रेन से निकलकर बाग बगीचे बैठे में थे और पानी के लिए व्याकुल थे। क्योंकि रेलवे स्टेशन से दुकानें दूर हैं। बिजली सप्लाई चालू होने पर 15.45 बजे ट्रेनें यात्रियों को लेकर अपने गंतव्य को रवाना हुईं।

आजमगढ़ में मैकेनिक का बेटा बना करोड़पति

आजमगढ़ जिले के रहने वाले जसलीन कुमार ने. जिन्होंने टीवी के चर्चित शो कौन बनेगा करोड़पति में 1 करोड़ रुपये और कार जीतकर जिले का नाम रोशन किया है. बेहद साधारण परिवार से आते हैं जसलीन कुमार रानी की सराय क्षेत्र के ग्राम आंवक के रहने वाले हैं. वह बेहद साधारण परिवार से हैं, परिवार चलाने के लिए वह शहर में एक कपड़े के शोरूम में कर्मचारी रहे, जबकि उनके पिता बुलेट मोटरसाइकिल गैराज के मैकेनिक हैं. उनका गांव में आज भी कच्चा मकान है. आर्थिक तंगी की परिस्थिति के चलते ज्यादा पढ़ाई नहीं कर सके, किसी तरह इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की. लेकिन अपने हौसले को कभी कम नहीं होने दिया. कौन बनेगा करोड़पति के लक्ष्य को पाने के लिए 12 साल पहले मेहनत शुरू की और उन्हें अब जाकर सफलता मिली. जसलीन कुमार आजमगढ़ के शहर में किराये का एक कमरा लेकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते हैं. केबीसी में 16 सवाल होते हैं, जिसमें 16वां सवाल 7 करोड़ का लेकिन सवाल का जवाब ना समझने के कारण जसलीन ने उसे क्वीट करना बेहतर समझा.जसलीन कुमार ने बताया कि केबीसी में पहुंचाना मेरा बहुत बड़ा मकसद था, जहां बहुत संघर्ष के साथ चुनौती रही. पहली बार केबीसी में जाने के लिए 2011 में प्रयास किया था लेकिन मौका नहीं मिला. इसके बाद भी हिम्मत नहीं हारी और लगातार कोशिश करता रहा. अब 2023 में फाइनली सिलेक्शन हुआ. उन्होंने केबीसी में पहुंचने के सफर को लेकर बताया कि इसके पीछे कुछ प्रक्रिया करनी पड़ी. जैसे रजिस्ट्रेशन में 10 सवालों सही जवाब देने पर इस प्रक्रिया का पहला सिलेक्शन हुआ. उसके बाद उन्हें बुलाया गया और 30 सेकंड टेस्ट के बाद इंटरव्यू में कुछ बैकग्राउंड से संबंधित पर्सनल इंटरव्यू में सवाल पूछे गये. इन सारे प्रक्रिया के बाद फाइनली कॉल आई और बताया गया कि केबीसी में आपका सिलेक्शन हो गया उसके बाद मुंबई बुलाया गया, जो यह सफर बहुत ही अच्छा और यादगार रहा. केबीसी कार्यक्रम के दौरान जसलीन को जब ठंड लगी तो अमिताभ बच्चन ने स्वयं उन्हें जैकेट पहनाने पर जसलीन कहा कि केबीसी प्रोग्राम में शायद पहले शख्स होंगे जिन्हें मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी जैकेट उपहार में दी है. कार्यक्रम के दौरान हुए अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि जब वह एक करोड़ के विजेता बने तो उन्हें खुशी का ठिकाना नहीं रहा और वह बहुत भावुक हो गये.

पिता ने दो सालों तक किया दुष्कर्म, फिर विवाह के नाम दूसरे को बेचा

सत्यवान समाचार

आजमगढ़। वाह रे मनुष्य कितना नीचा गिर सकता है। एक पिता अपनी ही पुत्री के साथ दो सालों तक दुष्कर्म करता रहा। विरोध हुआ तो उसे विवाह के नाम पर दूसरे को बेच दिया और जिसने पति के रुप में उसे खरीद कर लाया वह उससे देह व्यापार कराने लगा। मामला जिले के तरवां थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। गर्भवती होने पर पति छोड़ कर भाग गया तो पिता ने रखने से इंकार कर दिया। परेशान हाल युवती ने अब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पहुंच कर न्याय की गुहार लगाया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनंजय कुमार मिश्रा के कार्यालय पर बृहस्पतिवार को एक युवती पहुंची। उसने बताया कि वह तरवां थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पिता ने विवाद के बाद उसकी मां को छोड़ दिया है और उसे जबरन अपने पास रखे हुए थे। जब वह कक्षा दस में पढ़ रही थी तो उसके पिता उसे कोई दवा खिलाने लगे थे, जिससे वह सुस्त रहने लगी थी। इसके बाद पिता ने उसके साथ दुष्कर्म करना शुरू कर दिया। दवा के असर के चलते वह विरोध भी नहीं कर पा रही थी। इसके साथ ही उसे गर्भनिरोधक दवा भी वे खिलाते थे। दो सालों तक पिता ने ही शारीरिक शोषण किया। इसी दौरान ग्रामीणों को इस बात की जानकारी हो गई तो उन्होंने पिता को काफी मारा-पीटा। इसके बाद पिता ने दिसंबर 2022 में उसका विवाह गाजीपुर जिले के रहने वाले विपिन यादव के साथ कर दिया। कहने को तो शादी हुई थी लेकिन पति विपिन उसे हमेशा इधर उधर ले जाकर देह व्यापार करा रहा था। जिससे वह गर्भवती हो गई तो उसने गर्भ निरोधक दवा खिला दिया। जिससे ब्लीडिंग होने पर जब वह अस्पताल पहुंची तो नर्स ने बताया कि दवा से ब्लीडिंग जरूर हो गई, लेकिन गर्भपात नहीं हुआ है। इसके बाद पति ने मेरे पिता को फोन कर सारी बात बता दिया और शादी के वक्त दिया गया ढाई लाख रुपये मेरे पिता से मांगने लगा, जिसे देने से पिता ने इंकार कर दिया। इसके बाद पति विपिन मुझे.रायपुर बाजार में छोड़ कर चला गया। किसी तरह वह पिता के घर पहुंची तो पिता ने भी साथ रखने से इंकार कर दिया। पिता व पति द्वारा शारीरिक शोषण की शिकार युवती ने अब सचिव विधिक सेवा प्राधिकारण को पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाया। सचिव ने स्वतः प्रकरण को संज्ञान में लिया और युवती को महिला थाना प्रभारी के सुपुर्द करते हुए एसओ तरवां को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

अवैध पटाखेकी दुकानों पर प्रशासनकी नजर

माहुल/आजमगढ़। बूढ़नपुर क्षेत्राधिकारी किरनपाल सिंह और थानाध्यक्ष अहरीला सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम अहरौला बाजार में पैदल मार्च कर आगामी स्पोहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पटाखा से संबंधित अवैध दुकानों पर पटाखा मिलने पर कार्रवाई के लिए चेतावनी दी क्षेत्राधिकार ने कहा कि दुकानदारों और व्यापारियों से संवाद किया और कहा कि जो भी लाइसेंस हैं। वह पटाखे की दुकान आबादी से बाहर रखें और अवैध तरीके से पटाखे को स्टोर ना करें और अगर पकड़े गए तो जुर्माना और सजा दोनों होगी जिसके लिए पूरे अहरीला बाजार में स्टार्च किया गया।

छह निकायों में नहीं हो सका विद्यालयों का कायाकल्प

आजमगढ़। जिले के छह निकायों में परिषदीय स्कूलों का कायाकल्प नहीं कराया जा सका है। 16 निकायों में स्थित 119 विद्यालयों के कायाकल्प के लिए शासन ने 5.54 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई थी। आजमगढ़ नगरपालिका, जहानागंज व अतरौलिया नगर पंचाय इसमें फिसड्डी साबित हुए हैं। तीनों निकायों में एक भी विद्यालय का कायाकल्प नहीं कराया जा सका है। शासन ने जुलाई माह में सभी प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों का कायाकल्प कराने का निर्देश दिया था। जिस पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने प्रस्ताव मांगा था। तीन नगर पालिका व 13 नगर पंचायतों ने कुल 119 विद्यालयों के कायाकल्प के लिए लगभग 5 करोड़ 54 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर डीएम के पास भेजा था। जिसके बाद शासन ने धनराशि जारी कर दी थी। सभी निकायों के अधिशासी अधिकारियों ने टेंडर जारी कर काम भी शुरू करा दिया था। आजमगढ़ नगर पालिका परिषद में ईओ व चेयरमैन के आपसी मतभेद के चलते करीब डेढ़ माह तक टेंडर नहीं हो सका। मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद टेंडर कराया गया। शासन स्तर से निर्धारित समय के अनुसार 10 निकायों ने विद्यालयों के कायाकल्प का कार्य पूरा करा लिया है। आजमगढ़ नगर पालिका परिषद को 15, जहानागंज नगर पंचायत को 6 व अतरौलिया को तीन विद्यालयों का कायाकल्प कराया जाना था। तीनों निकायों ने एक भी विद्यालय का कायाकल्प अभी तक नहीं हो सका है। मुबारकपुर नगर पालिका में चार का कार्य पूरा करा लिया गया है। दो में अभी काम चल रहा है। बिलरियागंज नगर पालिका ने 36 विद्यालयों में 28 का कार्य पूरा करा लिया गया है, जबकि 8 में कार्य चल रहा है। मार्टीनगंज नगर पंचायत में 16 में तीन का कार्य पूरा करा लिया गया है, शेष 13 में काम चल रहा है।

फर्जीवाड़े मामले में बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक व सहायक प्रबंधक गिरफ्तार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक प्रशांत यादव सह-संपादक अजय यादव,ग्राम शाहराजा, पोस्ट माहुल खास, माहुल, आजमगढ़ 223225 (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित । आरएनआई नंबर UPHIN51091 इस सामाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय छेत्र आजमगढ़ होगा
मोबाइल नम्बर- 9621335155

सगड़ी/ आजमगढ़। रौनापार पुलिस ने फर्जीवाड़े मामले में वांछित फाशी गोमती बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक व सहायक प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया। इनके ऊपर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से आवेदक के खाते पर लोन स्वीकृत करने का आरोप है। पीड़ित की याचिका पर कोर्ट के आदेश पर इनके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था रामनवाल पुत्र खदेरु उफ खे ग्राम मीणा देवारा गरीब दूबे थाना रौनापार के प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 156(3) सीआरपीसी के न्यायालय के आदेशानुसार थाना में धोखाधड़ी और जालसाली सहित विभिन्न धाराओं में काशी गोतमी संयुक्त ग्रामीण बैंक रौनापार प्रबन्धक फिल्ड अफसर और एक अज्ञात सहित पांच लोगों के खिलाफ 7 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के क्रम में काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक रौनापार

के सहायक प्रबन्धक जय प्रकाश सिंह पुत्र बृजराज सिंह निवासी ग्राम करखिया रुस्तम सराय थाना रौनापार, वरिष्ठ प्रबन्धक श्याम नरायन राम पुत्र स्व० बहरीराम निवासी ग्राम कोल पाण्डेय रामयन मार्केट थाना कोतवाली मूल पता ग्राम भौरा मकबूलपुर थाना कन्धरापुर का नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को पुलिस ने जय प्रकाश सिंह पुत्र बृजराज सिंह, श्याम नरायन राम पुत्र स्व० बद्दरीराम गिरफ्तार कर लिया।

प्रधान की मनमानीसे ग्रामीणोंमें रोष

आजमगढ़। बिलरियागंज ब्लाक के हरखपुर गांव के सरकारी सस्ते गये की दुकान को किसी कारण यस विभागीय अधिकारियों द्वारा बखत करते हुए अत्यन्त कोटेदार के यहाँ अटैच कर दिया गया और ग्रामीणों को मांग के चलते अधिकारियों द्वारा गाँव में ही किसी को सरकारी सस्ते गले को दुकान आवंटित करने की योजना बनाई गई। 27 अक्टूबर को गांव में पहुंचे ब्लाक कर्मचारियों द्वारा प्राथमिकता के तौर पर गांव में चल रहे समूह को ओबीसी के तहत पात्र व्यक्ति को देने की बात कही गई लेकिन यह कोटा ग्राम प्रधान ने नियम और कानून को ताख पर रखते हुए अपने चहेते सुनीता पत्नी प्रमोद चौहान के नाम कर दिया जिसका पहले समूह में नाम नहीं था, लेकिन सीमा शर्मा का नाम हटाकर सुनीता का नाम सोता अजीविका स्वयं सहायता समूह में महिला मेट के पद पर डाला गया किंतु अभी भी लव कुश ऐप में सुनीता का नाम कहाँ हो नहीं कर रहा है। जानकारी होने पर गांव में एनआरएलएम द्वारा संचालित समूह की महिला सीमा शर्मा ने इसका विरोध किया तो प्रधान ने गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद का नाम लेते हुए कहा कि हम भाजपा नेता सहजानंद राय को बैठाकर कोटा अपने पक्ष में करवा लेंगे। इसके बाद सीमा शर्मा ने ग्राम प्रधान की मनमानी और सहजानंद राम को बदनाम करने की बात ब्लाक मुख्यालय क्लिरियागंज पहुंचकर वीडियो के समक्ष रखना चाहा लेकिन वीडियो साहिया ब्लाक परिसर में उपस्थित नहीं थी सीमा शर्मा तत्पश्चात ने अपने शिकायती पत्र एडियो पंचायत को देना चाहा तो एडियो पंचायत बताया गया कि आप अपना शिकायती पत्र वीडियो के स्टोनों को दे दीजिए, ही इसका समाधान करेंगी।